दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



खत्म हुई मम्मी की परेशानी ......
समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल

वर्ष : 10 | अंक : 158 | लखनऊ, 18 मई, शनिवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का नया संस्करण 'खून चुसवा' : सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर, अयोध्या में जनसभा को किया संबोधित
- सपा और कांग्रेस पर किया करारा प्रहार, कहा- जब ये दोनों मिलते हैं कोई न कोई अपशकुन जरूर होता है
- मोदी जी भारत के विकास के रथ के सारथी, महाभारत के इस युद्ध में वह श्रीकृष्ण की भूमिका में हैं : सीएम योगी
- कांग्रेस-सपा के समय राशन माफिया हावी थे, भाजपा के समय माफिया को जहां पहुंचाना था पहुंचा दिया : मुख्यमंत्री
- वर्तमान का यह चुनाव चौथा चरण आते-आते पूरे देश के अंदर रामद्रोही और रामभक्तों के बीच बंट गया है : योगी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत मिल्कीपुर, अयोध्या में विशाल जनसभा को संबोधित किया और मौजूदा सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की। इस दौरान सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा का वर्तमान संस्करण बहुत खतरनाक हैं। जब भी ये दोनों मिलते हैं मानकर चलिए कि कोई अपशकुन होने वाला है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के इस नए संस्करण को 'खून चुसवा' कहते हैं। औरंगजेब की आत्मा इनके अंदर घुस गई है। ये देश के लोगों से जजिया कर वसूलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो माहौल देश के अंदर बन रहा है इसमें हम सबको सहभागी बनना है। ये अवसर कमल चुनाव पर वोट करके लोक और परलोक दोनों सुधारने का है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है तो यह केवल भाजपा ही कर सकती है। मोदी जी भारत के विकास के रथ के सारथी हैं। महाभारत के इस युद्ध में वह श्रीकृष्ण की भूमिका में हैं और जहां मोदी जी होंगे, कमल का फूल होगा तो विजय अवश्य होनी है। वहीं, रामद्रोहियों की जमानतें जब्त होंगी।



### कमल के फूल पर जब वोट पड़ता है वही मोदी और योगी को ताकत देता है

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा ये तीनों केवल आज के दिन पर वोट कटवा हैं। सपा और कांग्रेस जब आपस में मिलते हैं तो कोई न कोई गड़बड़ जरूर करते हैं। जब राज्य में समाजवादी पार्टी की सरकार थी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब अयोध्या में रामजन्म भूमि पर हमला हुआ था। इस बार इन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण पर सेंध लगाने की साजिश की है। इनका गरीबी हटाओ का मॉडल बहुत खतरनाक है। ये कहते हैं कि एक झटके में गरीबी हटा देंगे। किसी ने पूछा कैसे हटाएंगे तो कहा कि संपत्ति का सर्वे करेंगे और फिर जो आपके बाप, दादा की संपत्ति होगी उसमें से आधी संपत्ति ले लेंगे और समाजवादी पार्टी के गुंडों में बांट देंगे। उन्होंने कहा कि कमल के फूल पर जब वोट पड़ता है वही मोदी और योगी को ताकत देता है। यही ताकत है जिसने 500 वर्षों की समस्या का समाधान एक झटके में करके आपको और वर्तमान पीढ़ी को गौरव की अनुभूति कराई है। एक तरफ ये विकास है और दूसरी तरफ गरीब कल्याण भी है। कांग्रेस-सपा के समय राशन माफिया हावी थे। भाजपा के समय माफिया को जहां पहुंचाना था पहुंचा दिया। पूरे देश के अंदर अभी तीन चरण के चुनाव बाकी हैं, लेकिन यह पहला चुनाव है जब एक ही नारा गूंज रहा है और वह नारा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। जब लोग बोलते हैं कि 400 पार कैसे? तो जनता कह देती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे।

### ये चुनाव रामद्रोहियों और रामभक्तों के बीच

उन्होंने कहा कि यह बोलने में कोई संकोच नहीं है कि वर्तमान का यह चुनाव चौथा चरण आते-आते पूरे देश के अंदर रामद्रोही और रामभक्तों के बीच बंट गया है। रामद्रोही वही जो रामभक्तों पर गोलियां चलाते हैं। रामद्रोही वही जो हमारे रामलला की जन्मभूमि पर हमला करने वालों पर मुकदमे वापस लेते हैं। रामद्रोही वही जो कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना है। रामद्रोही वही जो राम भक्त कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना व्यक्त नहीं करते लेकिन माफिया के मरने पर मातम मनाने जरूर जाते हैं। रामद्रोही वही जो देश के अंदर आतंकवाद और नक्सलवाद की जड़ हैं। रामद्रोही वही जो भारत का विकास नहीं चाहते। रामद्रोही वही जो विकास के कार्यों में जगह-जगह बैरियर बनते हैं और रामद्रोही वही जो गरीब के हक पर डकैती डालते हैं। इसमें सबसे पहला नाम आता है समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का। याद करिए रामभक्तों पर गोलियां समाजवादी पार्टी ने चलाई थी। ये समाजवादी पार्टी के लोग ही कहते थे कि अयोध्या में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। ये माफिया को अपने गले का हार बनाते थे। पूरे प्रदेश को इन्होंने तबाह करके रख दिया था। भू माफिया, खनन माफिया, शराब माफिया और इतने माफिया पर माफिया इन्होंने पैदा किए कि प्रदेश का विकास बाधित हो गया। उत्तर प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट आ गया। प्रदेश के बारे में लोग तमाम प्रकार की बातें करते थे, लेकिन जब आप आशीर्वाद देते हैं और अच्छी सरकार बनाते हैं तो 500 वर्षों का इंतजार समाप्त होता है और राम लला भी विराजमान होते हैं। रामभक्तों का संरक्षण होता है तो माफिया की राम नाम सत्य की यात्रा भी धूमधड़ाके से निकाल दी जाती है।

### डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में समाप्त हुआ सदियों का कलंक

सीएम योगी ने कहा कि राम भक्त वही जो राष्ट्र के बारे में सोचे, राम भक्त वही जो राष्ट्र की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करे, राम भक्त वही जो भारत का सम्मान बढ़ाए, राम भक्त वही जो विकास के बड़े बड़े कार्य ला दे, राम भक्त वही जो बिना भेदभाव के गरीबों के उत्थान के लिए काम करे और इसमें सबसे बड़ा नाम है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का। मोदी जी को आपने आशीर्वाद दिया और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार बनाई तो डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में सदियों का कलंक समाप्त हुआ और अयोध्या में राम लला विराजमान हुए। हमने कहा था कि प्रदेश को माफिया की भूमि नहीं बनने देंगे, ये महोत्सव की भूमि होगी और यहां दीपोत्सव मनाया जाएगा।

# हमारी सरकार आई तो हम महिलाओं को लखपति बनाएंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज अमेठी में संयुक्त रूप से जनसभा की। जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लोगों ने सेना के लिए अग्निवीर लागू किया है। अगर फिर से सत्ता में आ गए तो पुलिस की नौकरी में भी अग्निवीर लागू हो जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि जब वोट करने जाना तो बेरोजगारी व महंगाई को ध्यान रखना।

वहीं अमेठी के निवर्तमान सांसद और रायबरेली से लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में अमेठी से अपने रिश्ते को याद किया और कहा कि जब मैं 12 साल का था तब पहली बार अमेठी आया था। मेरा तब से अमेठी से रिश्ता है। उन्होंने जनता से कहा कि आप ये मत सोचिए कि मैं रायबरेली से लड़ रहा हूं। मैं अमेठी का हूं और अमेठी का ही रहूंगा। उन्होंने संविधान की किताब दिखाते हुए कहा कि यह चुनाव आम चुनाव नहीं है। यह चुनाव संविधान बचाने का है। भाजपा के लोगों ने खुलकर कहा है कि वो अगर फिर से सत्ता में आ गए तो संविधान को बदल देंगे। संविधान खत्म हुआ तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। पब्लिक सेक्टर की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। इस संविधान की रक्षा करने की है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा कि सब एक जैसे नहीं हो सकते हैं। वो देश में गरीबी बनाए रखना चाहते हैं। मोदी ने अमीरों का कर्ज माफ कर दिया है पर गरीबों की बात नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने कहा मोदी ने कुछ उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है। हमारी सरकार आई तो हम महिलाओं का लखपति बनाएंगे।

# दुनिया भर में भारत के प्रति धारणा बदल गई, अब पाकिस्तान भी कर रहा हमारी तारीफ : राजनाथ सिंह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत पर पाकिस्तानी नेता की सकारात्मक टिप्पणियों को उजागर करते हुए कहा कि इस्लामिक राष्ट्र भी भारत के शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विकास को स्वीकार कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के लिए लखनऊ में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि भारत 2027 तक संपत्ति के मामले में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि हमारे एक ऐसे पड़ोसी जिन्होंने कभी भी हमारे देश के बारे में अच्छा नहीं बोला और आज उनके नेता बोल रहे हैं कि भारत एक शक्तिशाली देश बन रहा है और पाकिस्तान आज भी पिछड़ा हुआ है।



राजनाथ सिंह ने दावा किया कि दुनिया भर में भारत के प्रति धारणा बदल गई है। सभी देशों के नेता अब कह रहे हैं कि 21वीं सदी भारत की है। राजनाथ सिंह लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी (सपा) के रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार सरवर मलिक से है। लखनऊ संसदीय सीट के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के साथ 20 मई को होना है। उनकी यह टिप्पणी पाकिस्तानी सांसद सैयद मुस्तफा द्वारा बुधवार को नेशनल असेंबली में अपने भाषण के दौरान भारत और पाकिस्तान की उपलब्धियों की तुलना करने के बाद आई है।

मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के नेता ने कहा कि दुनिया चांद पर पहुंच रही है। लेकिन आज कराची में मासूम बच्चे खुले गटर में गिरकर मर रहे हैं। इसके अलावा, बाल्टीमोर स्थित पाकिस्तानी अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने भी भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए उन्हें एक मजबूत नेता बताया, जो भारत को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने 2024 में भारत की बढ़त को स्वीकार करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को भी उनके जैसा नेता मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर एक दिन मायने रखता है : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है। दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द की जा चुकी है। व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि 40 बार सुनवाई के बाद भी आप नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं करें। पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि याचिकाकर्ता ने नियमित जमानत याचिका पिछले साल जुलाई में दायर की थी। उसने कहा, नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में हर एक दिन मायने रखता है। नियमित जमानत के मामले को लगभग 11 महीने तक लंबित रखना याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करता है। पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करते हैं। उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से शुरू होगा और 31 मई अंतिम कार्य दिवस होगा। ढल आबकारी नीति से जुड़े अलग-

# आईएमडी ने 6 राज्यों में लू की चेतावनी जारी की, 3 राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार में संभावित लू के बारे में चेतावनी जारी की, जिसके कम से कम चार दिनों तक चलने की आशंका है। इसके अलावा, तमिलनाडु, केरल और दक्षिणी कर्नाटक में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम एजेंसी ने यह भी बताया कि मई के दौरान देश भर में कई स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने एएनआई से बात करते हुए कहा, अप्रैल से लेकर पिछले कुछ दिनों तक, लगातार पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित कर रहे थे, जिसके कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में छिटपुट बारिश हुई। परिणामस्वरूप, मई में तापमान बहुत अधिक नहीं था, आज भी कई स्थानों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। आईएमडी अधिकारी ने कहा पंजाब और हरियाणा में भी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब है और लू की स्थिति उत्तर प्रदेश जैसी ही है... अगले 5 दिनों तक राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है और मध्य प्रदेश और बिहार में 4 दिनों तक, उसके बाद हल्की आंधी आ सकती है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट हो सकती है। इसी तरह, दक्षिणी राज्यों के लिए, उन्होंने कहा, अगले 5 दिनों में तमिलनाडु, केरल और दक्षिण कर्नाटक में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है... मौसम विभाग ने अपनी मौसम सलाह में भविष्यवाणी की है कि वहां बारिश होगी। अगले 5 दिनों तक उत्तर पश्चिम भारत और बिहार के मैदानी इलाकों में गर्मी से लेकर भीषण लू तक की स्थिति रहेगी।



इसके अतिरिक्त, 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में लू की स्थिति शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने आगे कहा है कि 23 मई तक दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारत भर के कई क्षेत्रों के लिए हीटवेव की चेतावनी जारी की है, जिसमें 20 मई को गंभीर हीटवेव की स्थिति की भविष्यवाणी की गई है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कई इलाकों में हीटवेव से लेकर गंभीर हीटवेव की स्थिति का अनुभव होगा। निवासियों को अत्यधिक तापमान से निपटने के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

# यदि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं तो भारत उसे पहनायेगा: कंगना रनौत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने विपक्षी नेताओं की पाकिस्तान समर्थक टिप्पणियों को लेकर बृहस्पतिवार को उनकी आलोचना की और कहा कि यदि पड़ोसी देश ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं, तो भारत उसे चूड़ियां पहनाएगा। मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रनौत ने कुल्लू में एक जनसभा में कहा, हम जानते हैं कि पाकिस्तान को आटा और बिजली की जरूरत है। लेकिन हमें यह नहीं पता था कि उसके पास चूड़ियां भी नहीं हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने हाल में कहा था कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं और उसके पास परमाणु बम है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने एक वीडियो जारी कर कहा था, भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास भी परमाणु बम है। बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कंगना ने कहा, वो कहते हैं, पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं...अरे भाई, नहीं पहनी है तो हम पहना देंगे।

# चीन के साथ व्यापारिक सौदों का आंकलन करना होगा, भारतीय कंपनियों को जयशंकर की सलाह

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कंपनियों को राष्ट्रीय सुरक्षा फिल्टर के माध्यम से चीन के साथ व्यापारिक सौदों का आकलन करना होगा और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध के बीच घरेलू निमार्ताओं से अधिक सोर्सिंग करनी होगी। जयशंकर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि, युद्ध और प्रतिबंधों के कारण रसद में व्यवधान और ईंधन, भोजन का संकट और उर्वरकों ने मिलकर विश्व अर्थव्यवस्था के लिए एक ₹परिपूर्ण तूफान₹ पैदा कर दिया है।

हालांकि जयशंकर ने अपने भाषण में चीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने सवाल-जवाब सत्र के दौरान अपने उत्तरी पड़ोसी के बारे में भारत की चिंताओं को संबोधित किया, जिसमें व्यापारिक सौदों में प्राकृतिक सुरक्षा संवेदनशीलता को संबोधित करने की आवश्यकता भी शामिल थी। जयशंकर ने चीन के साथ व्यापार पर एक सवाल के जवाब में कहा कि जहां चीन का संबंध है, हम अभी भी इस देश में लोगों को प्रोत्साहित करेंगे।



हमने चीन के साथ काम करने वाले लोगों को पूरी तरह से प्रतिबंधित नहीं किया है, लेकिन स्पष्ट रूप से यदि आपके लिए कोई भारतीय विकल्प उपलब्ध है तो हम चाहेंगे कि आप भारतीय कंपनियों के साथ काम करें। मुझे लगता है कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छा है, हमें उम्मीद है कि आप भी सोचेंगे कि यह दीर्घावधि में आपके अपने व्यवसाय के लिए अच्छा है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने राठ में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

- सपा कांग्रेस गठबंधन पर पीएम ने साधा निशाना
- बीएसपी को लेकर खामोश रहे प्रधानमंत्री

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर। जनपद में राठ कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय में आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन पार्टी पर जमकर निशाना साधा। वहीं बहुजन समाज पार्टी को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कोई भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले स्वामी ब्रह्मानंद की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस जनता के सभी वर्गों का वोट लेकर वोट जिहाद करने वालों को सौगात बांटते हैं। कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही अपने इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि सभी की संपत्ति की जांच कराकर उस संपत्ति का एक हिस्सा वोट जिहाद करने वालों को दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण देकर पिछड़ों और दलित के हकों पर करारा प्रहार किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछड़ों के नेता बाबूजी कल्याण सिंह राम भक्त थे इसलिए समाजवादी पार्टी के नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी समाधि पर नहीं गए। जबकि वही नेता वोट बैंक के खातिर नेता एक बड़े माफिया की मौत पर उसके कब्र पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंच गए थे। अपनी सरकार की उपलब्धियां के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने हर घर नल और हर घर जल योजना के तहत लाखों लोगों के घरों में पानी पहुंचाने का काम किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने केन बेतवा लिंक कैनाल योजना पर कार्य शुरू कर दिया है। जो कि बुंदेलखंड के लिए वरदान साबित होगा तथा केन बेतवा लिंक योजना की लागत 40 हजार करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों को मुक्त राशन और मुक्त इलाज की सुविधा प्रदान की है। तथा उनकी अगली योजना लखपति दीदी योजना है। जिसके माध्यम से 3 करोड़ बेटियों को लखपति बनाने का प्रयास किया जाएगा।



### भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री को सुनने के लिए उमड़ा सैलाब

भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में भारी भीड़ मौजूद रही। तथा नरेंद्र मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग आतुर दिखाई दिए। इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत, सांसद प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, झांसी के सांसद प्रत्याशी अनुराग शर्मा, और जालौन के सांसद प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा के अलावा सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, जय नारायण सिंह यादव ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर, राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद सहित तमाम वरिष्ठ नेता एवं जन सैलाब मौजूद रहा।

## बाइक सवार ने ट्रैफिक होमगार्ड को मारी टक्कर, हालत गम्भीर

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।लखनऊ ट्रैफिक पुलिस में तैनात होमगार्ड मुकेश कुमार यादव निवासी बाबूखेड़ा मजरा बरवलिया थाना निगोंहा की बीते गुरूवार को सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के जलसा रिसार्ट के पास ट्रैफिक के बैरियर प्वाइंट पर ड्यूटी लगी थी.साढे तीन बजे के करीब शराब के नशे में धुत होकर सामने से तेज रफ्तार में बाइक लेकर आये युवक ने बैरियर प्वाइंट पर खड़े होमगार्ड मुकेश कुमार यादव को जोरदार टक्कर मार दी.दुर्घटना में होमगार्ड गम्भीर रूप से घायल हो गया.दुर्घटना के बाद युवक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया ।जिसके बाद घायल होमगार्ड मुकेश कुमार को इलाज के लिये पुलिस निजी अस्पताल लेकर गयी। होमगार्ड के दुर्घटना में घायल होने की जानकारी पाकर एसीपी ट्रैफिक शिवा जी व टीआई राधेश्याम ने निजी अस्पताल पहुंचकर घायल होमगार्ड का हाल जाना ।होमगार्ड को टक्कर मारने वाली बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ।इंस्पेक्टर अजंनी कुमार मिश्रा ने बताया पीड़ित होमगार्ड के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## कृष्णा नगर से 3 वर्ष का मासूम लापता, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बारा बिरवा से एक 3 वर्ष का मासूम लापता हो गया ।पीडित पिता ने गुमशुदा मासूम बेटे की तलाश करने के बाद स्थानीय थाने में शिकायत की है ।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम मर्दन खेडा पोस्ट तौरा उन्नाव थाना पुरवा जनपद उन्नाव का निवाशी जितेन्द्र हंसराज के अनुसार डिवाइडर फूटपात में रहता है।बीते 16 मई की शाम करीब 6 बजे वह बच्चे को रोड पे छोड़ कर सब्जी लेने मन्डी चला गया था जब वह सब्जी लेकर वापस आया तो उसका बच्चा नही मिला ।जिसकी खोजबीन के बाद उसने स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता मामूस की तलाश की जा रही है

# मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की

## जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से किया आच्छादित

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जल जीवन मिशन एवं भूगर्भ जल विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत 82.90 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन से आच्छादित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अवशेष घरों को जल्द से जल्द योजना से आच्छादित किया जाये। भीषण गर्मी में कहीं भी पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिये। भूगर्भ जल निधि से जल संचयन एवं संवर्धन के कार्य कराये जायें। वर्षा जल संचय के लिये शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित की जाये। भूजल संचयन एवं संवर्धन हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाये। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जल जीवन मिशन से 2,65,59,189 घरों के सापेक्ष 2,20,17,328 घरों को नल कनेक्शन से संतृप्त किया जा चुका है, जो लक्ष्य का 82.90 प्रतिशत है, जबकि 15 अगस्त, 2019 को मात्र 1.94 प्रतिशत घर ही योजना से संतृप्त थे। वर्तमान में 50 प्रतिशत हाउसहोल्ड्स को वाटर कनेक्शन देने के मामले में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। कम्पोनेन्टवाइज रिपोर्ट में बताया गया कि अब तक 38914 के सापेक्ष 38,421 ट्यूबवेल तथा 38364 के सापेक्ष 35,860 पम्प हाउस को क्रियाशील कराया जा चुका है। इसी प्रकार 9514 के सापेक्ष 7576 क्लोरिनेशन प्लांट को क्रियाशील, 1,67,865 के सापेक्ष 1,32,385 किमी रोड रेस्टोरेशन, 5,04,352 किमी के सापेक्ष 4,53,114 किमी पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी तरह 33,976 सोलर पैनल के सापेक्ष 26,578 सोलर पैनल लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसकी क्षमता 844.80 मेगावाट है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2017 की तुलना में वर्तमान में प्रदेश के 36 जनपदों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ है एवं 34 विकास खण्ड संकट ग्रस्त श्रेणी से बाहर आये हैं। वर्ष 2023-24 में लगभग 50,000 वर्ग मीटर छत के क्षेत्रफल को आच्छादित करते शासकीय/अर्द्ध शासकीय भवनों में रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया। बच्चों को जल के महत्व को समझाने हेतु जल ज्ञान यात्रा के तहत सरकारी स्कूलों के उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से अब तक 68 जनपदों में कुल 72 जल ज्ञान यात्राओं का आयोजन किया गया है, जिसमें कुल 688 विद्यालयों के 10222 बच्चे तथा 1000 से अधिक अध्यापक व अध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। यह एक्पोजर विजिट सरकारी खर्चे से पूरी तरह मुक्त है। इस यात्रा को विभिन्न मीडिया हाउस, कारपोरेट और सामाजिक संगठनों के सहयोग से संचालित की जा रही है। भ्रमण के दौरान बच्चों को पानी की गुणवत्ता की जांच, पेयजल को हर घर तक पहुंचाने की प्रक्रिया, ग्रे-वाटर का उपचार, वाटर टेस्टिंग लैब, वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट, वर्षा जल संचयन, सोर्स सस्टेनेबिलिटी एवं इत्यादि के प्रति जागरूक किया जाता है। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## दो शातिर चोरों को माल समेत दबोचा,भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

नगराम ।बीते गुरूवार की देर रात गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान व दुकानदार की बाइक उड़ाने वाले दो शातिर चोरो को शुक्रवार को गिरफ्तार कर चोरी किया माल व बाइक बरामद की ।पुलिस ने दोनो शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया ।थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया बीते गुरूवार की देर रात अज्ञात चोर नगराम रोड पर स्थित एक पालेसर के पास स्थित अब्दुल रहमान निवासी गढी नगराम के किराने की गुमटी का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान,नगदी,बैंक पासबुक समेत बाइक चुरा ले गये थे,पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरो पर मुकदमा दर्ज कर तलाश के लिये पुलिस की टीमो को लगाया गया था,मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को दारोगा राजकपूर यादव व हेड कास्टेबल अम्बिकेश तिवारी ने



पुलिस टीम के साथ दो शातिर चोरो तुलसी निवासी देवती थाना नगराम व संदीप निवासी दक्षिण टोला कस्बा नगराम को गुमटी से चुराये गये सामान व बाइक समेत धर दबोचा ।पुलिस ने दोनो शातिर चोरो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

## फाइलेरिया मरीजों को दिया गया एमएमडीपी का प्रशिक्षण

**● 55 फाइलेरिया मरीजों को दी गई एमएमडीपी किट**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और स्वयंसेवी संस्था पाथ के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों का रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता प्रबंधन (एमएमडीपी) पर अभिमुखीकरण किया गया ।इस मौके पर 55 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गयी । इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डा. अवधेश कुमार ने कहा कि एमएमडीपी किट का वितरण इसलिए किया जा रहा है कि प्रभावित अंगों की नियमित रूप से सफाई करें जिससे कि किसी तरह का संक्रमण न होने पाऐ इसके साथ ही नियमित व्यायाम करने से फाइलेरिया प्रभावित अंगों में सूजन बढ़ती नहीं है सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है इस बीमारी से बचने का एकमात्र उपाय सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के तहत साल में एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करना है स्वयंसेवी संस्था पाथ की प्रतिनिधि डा. पूजा धुले ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के बारे में बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों पर कभी भी रगड़ते हुए साबुन का उपयोग नहीं करना चाहिए नियमित रूप से फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सफाई करनी चाहिए हल्के हाथों से तौलिए से पोंछना चाहिए यदि कहीं कटा हुआ है तो अच्छे से सुखाकर उस पर एंटी सेप्टिक क्रीम लगानी चाहिए खानपुरमऊ गाँव की 55 वर्षीय फाइलेरिया पीड़ित मायावती ने बताया कि सीएचसी से हमें जो बाल्टी, टब, तौलिया, साबुन और मग मिला है उसका उपयोग फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए करेंगे डाक्टर साहब ने जो बातें बताई हैं उनका पालन करेंगे इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक सीमा शुक्ला , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, बीसीपीएम प्रद्युम्न कुमार मौर्य, एडीआरओ पीसीपांडे, एचएस पुष्पित मिश्रा, बेसिक हेल्थ वर्कर, कैलाश आशा कार्यकताएं और 55 फाइलेरिया मरीज मौजूद रहे थे

## तमंचा व दो जिन्दा कारतूस संग मोबाइल लुटेरा गिरफ्तार

**● घटना में प्रयुक्त बाइक सहित पांच हजार रुपये नकदी बरामद**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आलमबाग पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित कैब-वे रोड से रेलवे पुल के पास से एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। वही पकड़े गए शातिर का साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा।पुलिस को गिरफ्त में आए शातिर के पास से तलाशी के दौरान एक देशी 315 बोर तमंचा व दो जिन्दा कारतूस सहित घटना में प्रयुक्त बाइक सहित 5000 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिर ने अपना परिचय मो अनीश पुत्र मो रईश मोहल्ला बजारबाग शाही बड़ी मस्जिद थाना सहादतगंज लखनऊ वर्तमान पता मल्लू की गढ़हिया थाना सआदतगंज जनपद लखनऊ निवासी



के रूप में देने के साथ अपने फरार साथी का परिचय फरीद पुत्र इदरीश नूरबेग का हाता जेटी चौकी के पास थाना सआदतगंज जनपद लखनऊ निवासी के रूप में देते हुए बताया कि उनलोगों ने बीते डेढ़ माह पूर्व थाना क्षेत्र स्थित दुगार्पुरी के मैट्रो स्टेशन से टेढी पुलिया के बीच जो मोबाइल लूट की घटनाएं हुई है उन घटनाओं को कारित की गई है ।वही उन लोगों ने बीते 25 दिन पूर्व दुगार्पुरी मैट्रो के पास चारबाग की ओर ई-रिक्शा में बैठकर आते व्यक्ति से करीब 10.30 बजे रात मे मोबाइल फोन छीना था। जिसे वह बेचने की फिराक में थे लेकिन मोबाइल फोन बिका नहीं।वह लोग लूट के मोबाइल फोन राह चलते लोगों को बेच कर मुनाफा कमा आपस में बाट लेते थे.बरामद रकम बेचे गए मोबाइल फोन की है।पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर को बरामदगी के आधार पर आर्मस एक्ट की धारा में कारवाई कर जेल भेज दिया गया है। शातिर लुटेरे के फरार साथी की तलाश की जा रही है।

## युवती संग विकास अधिकारी ने की छेड़छाड़

**● दी जाति सूचक गालियाँ,मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मानक नगर थाने में एक इंश्योरेंस कम्पनी मे अभिकर्ता पद पर कार्यरत युवती ने इंश्योरेंस कम्पनी के विकास अधिकारी पर छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर जाति सूचक गालियाँ देने के साथ उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती अनुसार वह वर्ष 2021 से यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड शाखा आलमबाग लखनऊ में बतौर अभिकर्ता पद पर कार्यरत थी ।उसी उपरोक्त शाखा में विकास अधिकारी के पद पर राजेन्द्र मल्होत्रा पुत्र एच. एल. मल्होत्रा निवासी विवेक खण्ड गोमतीकि नगर लखनऊ निवासी भी कार्यरत थे। आरोप है कि पीडिता के साथ विकास अधिकारी राजेन्द्र मल्होत्रा अक्सर अश्लील बाते करने के साथ छेड़छाड़ करते थे। बीते 23 फरवरी 2024 की सुबह करीब 11:30 बजे आरोपी ने उसे अपने पास बुलाया और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर उसे जाति सूचक गालिया देने के साथ पीडिता की यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड पीडिता की अभिकर्ता आई.डी निरस्त करवा दी। वही पीडिता का कहना था कि आरोपी विकास अधिकारी ने उसे बीते 29 अप्रैल की दोपहर लगभग 1 बजे वह अपने शाखा ऑफिस में गयी ।वहाँ मौजूद राजेन्द मल्होत्रा ने पीडिता को अपने कमरे में बुला उसकी अभिकर्ता आई. डी. वापस करने के नाम पर उन्हें खुश करने की बात करते हुए पीडिता को अपनी तरफ खींच पीडिता के नाजुक अंगो तथा शरीर को छूने लगा विरोध करने तथा चिल्लाने पर आरोपी ने पीडिता को छोड़ मां बहन की गाली देते हुए जातिसूचक गालियाँ देने के साथ उसे जान से मरवा देने की धमकी दी है। जिसकी शिकायत पीडिता ने स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर गाली गलौज छेड़छाड़, धमकी सहित एससी एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## छठे चरण में चुनाव लड़ रहे 38 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

**59 प्रत्याशी करोड़पति; मेनका सबसे अमीर**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में छठे चरण के लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे 162 उम्मीदवारों में से 38 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।सपा के सर्वाधिक 12 में से नौ व भाजपा के 14 में से छह तथा बसपा के चार उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सबसे ज्यादा 25 आपराधिक मामले जौनपुर से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे बाबू सिंह कुशवाहा के ऊपर दर्ज हैं। वहीं श्रावस्ती से बसपा उम्मीदवार मोइनुद्दीन अहमद खान पर 10 तथा सुल्तानपुर से सपा उम्मीदवार राम भुआल निषाद के ऊपर आठ मामले दर्ज हैं।उत्तर प्रदेश इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स के मुख्य संयोजक संजय सिंह ने बताया कि छठे चरण में 14 सीटों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही पर 162 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें 38 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि 59 करोड़पति उम्मीदवार भी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के 14 में से 14, सपा के 12 में से 11, बसपा के 14 में से नौ उम्मीदवार करोड़पति हैं। सुल्तानपुर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही मेनका गांधी सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। इनके पास 97 करोड़ रुपये की संपत्ति है। वहीं फूलपुर से बसपा के उम्मीदवार प्रवीन पटेल की संपत्ति 64 करोड़ व प्रतापगढ़ से सपा उम्मीदवार शिवपाल सिंह पटेल की संपत्ति 46 करोड है।इसी सीट से चुनाव लड़ रहे राम कुमार यादव सबसे गरीब उम्मीदवार हैं। इनके पास 1,686 रुपये की संपत्ति है। उन्होंने बतााया कि 51 उम्मीदवार पांचवीं से 12 वीं पास हैं, जबकि 105 की शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा है। वहीं तीन उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। साथ ही 25 से 40 आयु वर्ष वाले 60 उम्मीदवारों के अलावा 41 से 60 आयु वर्ष के 75 उम्मीदवार भी मैदान में हैं। 27 उम्मीदवारों आयु 61 से 80 वर्ष के बीच है। छठे चरण में 16 महिला उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रही हैं।

## दस वर्षों से भाजपा के झूठे वादों से जनता परेशान :सपा सांसद डिंपल यादव

**● सपा सांसद डिंपल यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी को जिताने की अपील**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। काशीश्वर इंटर कालेज मैदान में शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा में मैनपुरी की सासंद व सपा की स्टार प्रचारक डिंपल यादव ने मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी को साइकिल पर वोट देकर भारी मतो से जिताने की अपील की। सपा सांसद डिंपल यादव ने चुनावी सभा में उमड़ी भीड़ को देखकर कहा अब स्पष्ट हो गया है कि भाजपा जा रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार आ रही है। क्योंकि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने लोगों से झूठे वादे किए जिससे नाराज होकर संपूर्ण भारत



के मतदाता उन्हें उखाड़ फेंकने के लिए जागरुक है। डिंपल यादव ने भाजपा शासन पर दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मैनपुरी का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन के बढ़ते जनाधार को देखकर अब सपा व अन्य पार्टी कार्यकताओं पर दबाव बनाने लगी है जिससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा की वोटिंग वाले दिन मतदाताओं को घरों से निकाल कर पोलिंग बूथ तक पहुंचाएं साथ ही अपने सेक्टर प्रभारी के साथ बूथों पर अंतिम मतदान तक डटे रहे। सपा सांसद डिंपल ने सभा में मौजूद कार्यकताओं से गठबंधन प्रत्याशी आर चौधरी के पक्ष में मतदान करने के लिए हाथ उठवाकर तीन बार वचन लिए और कहा कि आपको यह वचन पूरा करना है क्योंकि प्राण जाए पर वचन न जाई ।सभा में सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह,पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा,सपा जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत,पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव,अमरपाल सिंह, सी एल वर्मा,पूर्व सपा सांसद सुशीला सरोज,पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ,श्रवण कुमार यादव ,विधानसभा अध्यक्ष उमा शंकर वर्मा,अरूणेश प्रताप सिंह,विजय यादव, उमेश यादव समेत काफी सख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सपा-कांग्रेस के नेताओं ने श्री राम के अस्तित्व को काल्पनिक बताया : मंत्री स्वतंत्र देव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब आपलोग बूथ के अंदर वोट देने जाएँगे तो याद रखियेगा कैसे सपा-कांग्रेस के नेताओं ने श्री राम के अस्तित्व को काल्पनिक बताते हुए उन्हें सालों तक टेंट के अंदर रहने पर विवश किया था। उन्होंने कहा कि जब से अयोध्या में श्री राम मंदिर बना है, पूरे क्षेत्र का कायापलट हो गया है. रोज २ से ३ लाख लोग प्रभु के दर्शन भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ अर्थव्यवस्था को भी गतिशील कर रहे हैं।

उन्होंने कैसरगंज से लोकसभा प्रत्याशी करणभूषण सिंह के पक्ष में जनसभा की तो अंबेडकर नगर में लोकसभा प्रत्याशी श्री रितेश पांडे के लिए युवा मोर्चा सम्मेलन और जनसभा संबोधित की।

### जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं : स्वतंत्र देव

अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरते ही सिंह ने जयघोष किया कि जो राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं। इंडी गठबंधन के नेताओं ने ना सिर्फ.राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाए बल्कि मंदिर के बाद प्रभु श्रीराम के दर्शन करने भी नहीं गये। स्वतंत्र देव ने कहा कि मोदी जी राम को लाये हैं।उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री पद का दायित्व देना है। उन्होंने जनसभा संबोधित करते हुए कहा कि आपको याद होगा कैसे विपक्ष की सरकारों में गुंडागर्दी, महिलाओं से छेड़खानी, छिनौती आम बात थी। पुलिस अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखने के बजाय आजम खान की भैंस ढूँढती थी। जलशक्ति मंत्री ने मोदी सरकार के दस वर्ष के काम को गिनाते हुए कहा कि लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि बस कुछ ही दिन और मेहनत करनी है।युवा कार्यकताओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा की बस आप ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोटरों को बूथ तक पहुँचाए।

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने बस चालक के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना अंतर्गत कीलपुर गांव निवासी आकाश (28) की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी ने एक निजी बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृतक आकाश की पत्नी रोशनी के मुताबिक 8 मई को आकाश अपनी ससुराल सरोजननगर के गहरु से शाम करीब 7 बजे वापस घर जा रहे थे। तभी बस (यूपी 78 जेटी 6129) के अज्ञात चालक ने सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऑडी शोरूम के सामने कानपुर रोड पर लापरवाही और तेज रफ्तार से बस चला कर आकाश की बाइक में ठोकर मार दी। इस हादसे में आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां आकाश की मौत हो गई। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रोशनी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर बस नंबर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक शातिर अपराधी छः माह के लिये जिलाबदर

अमन लेखनी समाचार

निगोहां ।आगामी लोकसभा चुनाव में लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अकुंश लगाये जाने के लिये जेसीपी कानून एवं व्यवस्था के न्यायालय से निगोहां थाना क्षेत्र के रहने वाले एक शातिर अपराधी को यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये छः माह के लिये जिला बदर किया गया ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया जेसीपी कानून एवं व्यवस्था न्यायालय से बीते बुद्ववार को थाना क्षेत्र के मीरखनगर गांव निवासी अनित उर्फ विक्की को यूपी गुण्डा एक्ट के तहत गुण्डा घोषित करते हुये छः माह के लिये जिलाबदर किया गया ।पुलिस टीम ने जिलाबदर किये गये शातिर अपराधी के घर शुक्रवार को पहुंचकर नोटिस चस्पा की। शातिर अपराधी अनित उर्फ विक्की पर डैकेती, छेड़छाड़, मारपीट, समेत गम्भीर धाराओ में तीन मुकदमें दर्ज है।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा व्यापारी जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, हजरतगंज स्थित होटल रॉयल कैफे में सिंधी समाज की बैठक एवम होटल सिल्वेट में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी जागरूकता संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री नीरज सिंह जी ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और होने वाले मध्य आगामी चुनाव को लेकर देवतुल्य जनता जनार्दन से माननीय सांसद राजनाथ सिंह जी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने और देश में लगातार ₹तीसरी बार मोदी सरकार₹ बनाने के लिए अपील की। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हर एक वर्ग की आकांक्षाएं, आपेक्षाये भारतीय जनता पार्टी के साथ है और आज लखनऊ विकास के पथ



को अग्रसर होते हुए एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, नया टर्मिनल, फ्लाइओवर, और पुराने लखनऊ का कायाकल्प का कार्य जैसे अनेक योजनाएं श्री राजनाथ सिंह के प्रयासों से लखनऊ में संपन्न हुए हैं। पिछले सरकार में जो डर, भय व्यापारियो और आम नागरिक के अंदर थी वो आज हमारे सरकार में गुंडे माफियाओं के अंदर देखने को मिल रहा है, और आज व्यापारी भाईयों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है। आज लखनऊ व्यापार के लिए सबसे उत्तम क्षेत्र बनकर उभर रहा है, और लखनऊ में 15 हजार करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की परियोजना आ रही है तो दूसरी ओर पूरे लखनऊ के चारो तरफ 105 किलोमीटर का रिंगरोड भी बनकर तैयार है। यह निवेशकों के लिए निश्चित ही Land Bank का काम करेगा और लखनऊ का युवा Job-Seeker नहीं Job-Provider बनेगा ऐसा हम सुनिश्चित करेंगे, आज लखनऊ को विश्वस्तरीय स्मार्ट सिटी बनाने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। आज हर जिले में मेडिकल कॉलेज बन रहा है और भाजपा के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉड है और अगले 25 साल का विजन भी उसी के साथ हम 'जनता जनार्दन' के समक्ष है और जनता का भी अपार समर्थन भाजपा को मिल रहा है। माननीय श्री राजनाथ सिंह जी ने समाज को जोड़ने का कार्य किया हैं। हर जाति धर्म के लोगों को फायदा पहुंचाने का काम कर रहे है।

## अतीक के गिरोह और शाइस्ता की बढ़ने वाली हैं मुश्किलें

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के विरुद्ध करोड़ों रुपए की उगाही से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। ईडी के अनुसार, लखनऊ में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने मंगलवार को अभियोजन शिकायत (पीसी) पर संज्ञान लिया है। जांच एजेंसी की इस कार्रवाई के बाद शाइस्ता व अतीक के गिरोह की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। ईडी की जांच में सामने आया है कि शाइस्ता जबरन वसूली गिरोह में सक्रिय थी। पिछले वर्ष अप्रैल में प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में अतीक और उनके भाई अशरफ की तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद से वह फरार है।

## संक्षेप

### पाइप लाइन बिछाकर जलकर विभाग के कर्मचारियों ने आंखो पर बांध ली पट्टी

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर पालिका परिषद के जलकर विभाग द्वारा नगर में पाइप लाइन 3 वर्ष पूर्व बिछाई गई थी मगर अभी तक सुचार रूप से चालू नहीं की गई थी शिकायत होने पर अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव ने संज्ञान में लेते हुए जलकर विभाग को निर्देशित करते हुए पाइप लाइन चालू करने के लिए निर्देश दिए और पाइपलाइन में कनेक्शन घर-घर अमृत जल के लिए कनेक्शन दिए जाने के निर्देश दिए जिन लोगों को कनेक्शन लेना है वह कनेक्शन ले सकते हैं और किसी प्रकार की कर्मचारियों को धनराशि न दें यदि धनराशि मांगता है तो नगर पालिका कर्मचारी से की उस धनराशि की पर्ची जरूर ले ले कुछ लोगों द्वारा कनेक्शन के नाम पर 1270 रुपए की वसूली की जा रही है और ना ही उनको किसी प्रकार की पर्ची दी जा रही है इसलिए अधिशासी अधिकारी ने नगर वासियों से अपील की कोई यदि किसी प्रकार का पैसा मांगता है तो ना दें और यदि दे तो नगर पालिका की पर्ची अवश्य ले ले यदि कर्मचारी पर्ची नहीं देता है तो उसकी शिकायत नगर पालिका में दर्ज करायें जिससे उस कर्मचारी के ऊपर कारवाई हो सके।

### अनियंत्रित बाइक विद्युत पोल से टकराई , दो घायल

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कालीखेड़ा मजरे कसरौर निवासी सन्तोष 35 पुत्र पुत्तीलाल मोटर साईकिल से पड़ोसी आशिक 20 पुत्र कमलेश के साथ भगतखेड़ा से पुरवा जा रहा था।जहां फतेहगंज के निकट पहुंचते ही अनियंत्रित होकर उसकी मोटर साईकिल विद्युत पोल से टकरा गयी।जिससे दोनों मोटर साईकिल गम्भीर रुप से घायल हो गये।घटना की जानकारी बाद परिजन ईलाज हेतु फौरन स्थानीय सीएचसी लाये।जहां हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने संतोष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जबकि आशिक का ईलाज स्थानीय सीएचसी में जारी है।घटना के समय मोटर साईकिल सवार हेलमेट नहीं लगाए थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर किसान के खेत से उखाड़ दिए कुंदरू के पेड़

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र किसान ने पुलिस को तहरीर देकर गाव निवासी कुछ लोगो पर पुरानी खुन्नस को लेकर लगभग 60 हजार रुपए की कुंदरू की फसल खोद डालने का आरोप लगाया । पुलिस तहरीर के आधार पर जाच कर रही है । थाना क्षेत्र गाव गौराकला निवासी उमेश कुमार चौरसिया पुत्र कमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका कनिगाव के समीप खेत है जिसमे कुंदरू की फसल बोई हुई थी गाव के ही कुछ लोगो से पुरानी रंजिश है जिसके कारण आरोपियों ने फसल के लगभग 60 हजार कीमत के सारे पेड़ उखाड़ फेक दिए । थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जाच की जा रही है ।

## टंकी खराब होने से हजारों इंसानों के साथ-साथ जानवर भी तड़प रहे हैं प्यासे

**अमन लेखनी समाचार/नरेश मिश्रा**



सुमेरपुर, उन्नाव। लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है जिसमें सभी पार्टियां एक से एक बडे.बडे.वादे कर रही हैं। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में इंसान के साथ साथ जानवर भी प्यासे तड़प रहे हैं।इन वादो को सुनकर उनकी प्यास नही बुझ रही है। जिले के बीघापुर तहसील क्षेत्र के सुमेरपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा कल्यानपुर प्रथम के मजरा चिकन्दरपुर में बनी पानी की टंकी लगभग 3 दिन से खराब पडी.है। जहां एक तरफ पूरे भारत में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है। और सभी पार्टियों एक से बढ़कर एक वादे कर रही हैं। और मौजूदा भाजपा सरकार बड़े-बड़े वादों के साथ-साथ दावे भी कर रही है कि हमने 10 सालों में बहुत बड़े-बड़े काम किए हैं। लेकिन इस गांव का दुर्भाग्य कि अभी तक इन गांव वाले इंसानों के साथ-साथ जानवरों तक के लिए पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है।एकमात्र सहारा गांव में बनी पानी की टंकी है जिसका भी पानी पीने लायक नहीं है फिर भी गांव वाले किसी तरह फ्लोराइड युक्त पानी पीकर जी रहे हैं। लेकिन यह टंकी भी आए दिन खराब होती रहती है और लगातार इसकी शिकायत करते रहते हैं।लेकिन आज तक इस टंकी को सही करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जबकि जबकि गांव में लगे हैंडपंपों का पानी इस कदर खारा है कि जानवर भी उस पानी को सूंघते तक नहीं है।इस तरह की भीषण गर्मी में लगभग 3 दिन से यह टंकी खराब पड़ी है।लेकिन अभी तक इस टंकी में यही नहीं पता करवाया गया है कि इसमें खराबी क्या है। ब्लॉक सुमेरपुर में जब सहायक विकास अधिकारी से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह टंकी जल निगम के अंतर्गत है। जब जल निगम अधिकारियों से बात की गई उनका कहना है टंकी ग्राम पंचायत के अंतर्गत हैं। इसी तरह बीते तीन दिनों से गांव वालों को गुमराह किया जा रहा है और टंकी बनवाने का कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा ग्रामीणों के साथ-साथ जानवर भी एक-एक बूंद पानी के लिए तड़प रहे हैं।लेकिन कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

उन्नाव लालगंज नेशनल हाईवे 31 के दोनों तरफ बसा चिकन्दरपुर गांव यहां तक कि बीघापुर तहसील से केवल 2 किलोमीटर दूर तथा सुमेरपुर ब्लॉक से भी मात्र 2 किलोमीटर दूरी पर ये गांव है। जहाँ पर विकास कार्य से लेकर राजस्व के बडे.बडे.अधिकारी बैठते हैं।लेकिन गांव वालों व गांव के जानवरों का ऐसा दुर्भाग्य है कि शुद्ध पीने का पानी तक नही मिल पा रहा है। जिससे गांव के लोग व जानवर बूंद बूंद पानी के लिए तड़प रहे हैं।

## विद्यालय की चार दिवारी का किया गया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद की 19 पैरामीटर की कायाकल्प योजनानुसार विद्यालयों में चल रहे चाहरदीवारी निर्माण कार्य में प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर, सुमेरपुर के कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत नवनिर्मित चाहरदीवारी का उद्घाटन व सेवानिवृत्त पूर्व न्याय पंचायत प्रभारी चैनपुर संकठा प्रसाद का सम्मान विनोद सिंह अध्यक्ष प्रा0 शि0 सं0 तथा अखिलेश वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया खंड शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि शासन के निर्धारित मानक के अनुसार प्रत्येक विद्यालयों में 19 पैरामीटर की संतृप्त करने संबंधी कार्य गतिमान है जिसमे प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर में चाहरदीवारी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया हैं इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि वर्तमान मे हमारे शिक्षक अध्यापन के साथ साथ विद्यालय के भौतिक वातावरण मे भी भरपूर सुधार और सभी मानक पूर्ण कराये जाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं जिससे विद्यालय के सुरक्षित होने के साथ-साथ ही शैक्षिक वातावरण का भी सृजन हो रहा है कार्यक्रम का संचालन आनंद त्रिपाठी एवं अतिथियों का आभार प्रदर्शन मनोज पटेल ने किया गौरतलब बात ये है वर्तमान समय मे चुनाव अधिसूचना व आचार संहिता चल रही है फिर भी बाउंड्रीवाल का लोकार्पण करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जिला कीड़ा अधिकारी द्वारा जनपद के 300 क्रिकेट खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बतलाया 06 अप्रैल 2024 से जनपद के अंडर 14, अंडर 16, वनडे 19, अंडर 23, सीनियर बालक तथा अंडर 15, अंडर 19, अंडर 23, व सीनियर बालिकाओं के जनपदीय ट्रायल के लिए जिला खेल कार्यालय से लिखित मांग के बावजूद जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा बराबर कोई ना कोई पेशेवर व अपने चहेतों को ग्राउंड आवंटित करके जनपद की प्रतिभाओं के निखारने में अवरोध उत्पन्न कर रही है जबकि विगत वर्षों में अंडर-19 बालिका अंडर 23 बालिका अंडर 14 में जनपद के खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व किया है उक्त क्रीड़ा अधिकारी क्रिकेट की गतिविधियां करने की घोर विरोधी है जब भी जिला क्रिकेट एसोसिएशन ट्रायल हेतु ग्राउंड की मांग करता है उत्तर में वह उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पत्र की मांग करती हैं जबकि अन्य किसी को किसी पत्र या किस प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्राउंड आरक्षित करती हैं इसका कोई जवाब नहीं है उनकी इस कार्यशैली से विभिन्न आयु वर्गों के लगभग 300 क्रिकेट खिलाड़ी आहत हैं उनके करियर के साथ खिलवाड़ हो रहा है जिसकी प्रमुख जिम्मेदार जिला क्रीड़ा अधिकारी कल्पना कमल है जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने पिछले वित्तीय वर्ष में 43675/- रुपए तथा विगत वर्षों में लगभग 25-25000/- रुपए नगद जमा किए क्रिकेट ग्राउंड के आरक्षण का पहला अधिकार जिला क्रिकेट एसोसिएशन का होना चाहिए इसके विपरीत कल्पना कमल जी मैत्री मैचों एवं शौकिया मैचों हेतु अपने निजी चहेतों को ग्राउंड आरक्षित करती हैं।

## जनपद से पूर्व राष्ट्रपति के निकलने को लेकर अलर्ट रही रेलवे पुलिस

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शुक्रवार को दिल्ली से अयोध्या जाना था। जिसे देखते हुए गंगाघाट, उन्नाव समेत तमाम रेलवे स्टेशनों पर सुबह से ही आरपीएफ और जीआरपी मुस्तैद हो गयी। इसके साथ ही गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात रही। सुबह के समय भारत के पूर्व राष्ट्रपति वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ की ओर रवाना हो गये। इसके बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को वंदे भारत एक्सप्रेस से नई दिल्ली से अयोध्या कैंट जाना था। जिसको लेकर प्रोटोकॉल जारी हुआ। पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार सुबह से ही रेलवे पुल से लेकर उन्नाव तक जगह-जगह आरपीएफ और जीआरपी मौजूद रही। तेज धूप होने के बावजूद पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के लिए डटे रहें।

वहीं रेल पथ विभाग ने भी रेलवे ट्रैक की हकीकत देखने के लिए सुबह से ही ट्रॉली में बैठकर कानपुर लखनऊ रेल रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान जिन स्थानों पर खामियां मिलीं उन्हें आनन फानन ठीक कराया गया। सुबह करीब 11:11 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची, जिसे रन थ्रू गुजरा गया। ट्रेन के गुजरने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरपीएफ और जीआरपी ने राहत की सांस ली।

रोकी गई झांसी पैसेंजर, निकाली वंदे भारत लखनऊ से कानपुर जा रही झांसी पैसेंजर ट्रेन को 10:25 बजे गंगा घाट रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया। वीआईपी ट्रेन गुजरने का संकेत मिलते ही महकमा अलर्ट हो गया। 11:11 बजे पर गंगा घाट रेलवे स्टेशन से ट्रेन मगरवारा उन्नाव स्टेशन के लिए रवाना हुयी। उसके बाद झांसी पैसेंजर ट्रेन को आगामी स्टेशन के लिए रवाना किया गया।इस दौरान गर्मी में करीब एक घंटे तक यात्री परेशान हुये।

पूर्व राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पहले से एलआईयू और खुफिया विभाग की टीम वीआईपी को सकुशल निकालने के लिए अपना इनपुट्स लेते रहे। सुरक्षा की ओर से मुख्यालय से सख्त निर्देश जारी किये गये थे। ट्रेन गुजरने के बाद विभागीय अफसर ने मुख्यालय को कुशलता से ट्रेन गुजरने की जानकारी दी।

## ग्राम पंचायत में बने मिनी सचिवालय बने शोपीस

**अमन लेखनी समाचार**




बीघापुर, उन्नाव। शासन ग्रामीण अंचल के लोगों को एक ही छत के नीचे ब्लॉक एवं तहसील के कामों को कराने व विभिन्न लाभकारी योजनाओं के प्रसार एवं क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों को मिनी सचिवालय के रूप में संचालित करने के निर्देश दिए सचिवालय के संचालन के लिए गांव-गांव पंचायत सहायकों की तैनाती कर उन्हें प्रतिमाह मानदेय दिए जाने का निर्देश दिया लेकिन ग्राम सचिव एवं पंचायत विभाग के अफसरों की लापरवाही के चलते शासन की महत्वाकांक्षी योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। विभागीय अफसरों की अनदेखी गांव के लोगों को आय, जाति या अन्य प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील या जिला मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। हालत यह है कि अधिकतर पंचायत भवनों (मिनी सचिवालय) पर ताले लटक रहे हैं। ग्राम प्रधान अपने साथ झोले में मुहर और अन्य कागजात रखते हैं और जरूरत पड़ने पर प्रमाणपत्र जारी कर देते हैं।सरकार की मंशा पंचायत भवन को मिनी सचिवालय के रूप में विकसित करना है, जहां ग्रामीणों की फरियाद सुनकर उनकी समस्याएं दूर की जा सकें। इसके बाद भी पंचायत भवनों की स्थिति यथावत ही है।

## तीसवीं वर्षगांठ में राम मय हुआ प्रतिष्ठान

### धूमधाम से संपन्न हुआ ओमर गिफ्ट सेंटर में सुंदरकांड का सत्संग

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुरे विकासखण्ड अमौली में इलेक्ट्रिकल्स और मोबाइल के क्षेत्र में गुणवत्ता के पर्याय अमौली बसस्टॉप में स्थित ओमर इलेक्ट्रिकल्स एंड मोबाइल की तीसवीं वर्षगांठ के अवसर पर संस्था के संरक्षक मुकेश कुमार ओमर एवं पारिवारीजनों ने नवीनीकृत शोरूम परिसर में ही संगीतमय सुंदरकाण्डपाठ एवम प्रसाद एवम शीतल पेय वितरण का आयोजन कराकर अपने अमूल्य ग्राहकों एवं आम जनमानस को मुग्ध कर दिया। जिसमें सभी क्षेत्रवासियों ने भक्ति गंगा में डुबकी लगाने के साथ लजीज व्यंजनों व तपती हुई दोपहर में विभिन्न शीतल पेयों का आनंद लिया। आचार्य प्रमोद कुमार तिवारी के सानिध्य में शुरू हुए पूजन अर्चन के पश्चात मुख्य यजमान सौम्य ओमर सहित समस्त पारिवारिक जनों एवं क्षेत्र एवं जनपद के विशिष्ट लोगों ने स्थापित राम दरबार में माथा टेका,एवं पूजन कर आरती भी की।वही मुख्यआचार्य ने धर्म को मानव जीवन का आधार बताया और कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। इसके पूर्व समिति के पदाधिकारियों राजेश ओमर,रवि ओमर,अखिलेश ओमर,गौरव ओमर, ऋषभ ओमर, सौम्य ओमर,यशओमर,रघुवीर यादव,सहित सैकड़ा लोगों ने अखंड पाठ में अपनी हाजिरी लगाई। कार्यक्रम के संचालक शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने सभी उपस्थित अतिथियों एवम आम जनमानस का उपस्थिति हेतु आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी शैलेंद्र वर्मा,विभाग संघचालक अशोक मिश्र, डॉ रघुवीर वर्मा,सुरेश सिंह,सुरेश यादव,दुर्गा पांडेय,रिभू मिश्रा,शुभम वर्मा,मूलचंद सैनी,रीसू ओमर,देवेंद्र, तेज नारायण प्रजापति, कान्ति ओमर,शिखा ओमर,अंजना ओमर,प्रिया ओमर,शुभा देवी ,आरती त्रिवेदी,आद्या त्रिवेदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### छत से नीचे गिरकर युवक घायल, हालत गंभीर

सफीपुर, उन्नाव। छत पर काम कर रहा युवक अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया परिजन उसे एंबुलेंस से सी एच सी लाए जहां पर युवक की गंभीर हालत देखते डाक्टर ने जिला अस्पताल भेज दियाथाना माखी क्षेत्र के इसुनिया निवासी आवेश 35 वर्ष पुत्र कमल अपने घर की छत पर कुछ काम कर रहा तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वो छत से नीचे गिर गया उसको गिरता देख परिजनो ने 108 एंबुलेंस पर सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस के चालक ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सफीपुर में भर्ती कराया जहां पर युवक की गंभीर हालत देखते चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

## दो दर्जन से अधिक इंडिया मार्का हैंडपंप खराब

**अमन लेखनी समाचार**



पुरवा, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर में लगे दो दर्जन से अधिक इंडियां मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं।जिसके चलते ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हैंडपंप को सही कराए जाने की मांग की हैं।ब्लाक की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर में लगे दो दर्जन इंडियां मार्का हैंडपंप खस्ताहाल हालत में पड़े हैं।ज्यादातर में एक बूंद भी पानी नहीं निकल रहा हैं।वहीं कुछ हैंडपंपो में पानी तो निकल रहा हैं लेकिन दूषित व गंदा पानी जिसे ग्रामीण पीकर बीमार हो रहे हैं।भीषण गर्मी में इंडिया मार्का खराब होने के चलते ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया हैं।हैरानी की बात यह हैं कि अधिकांश हैंडपंपों को पिछले वित्तीय वर्ष में ही रिबोर कराया गया था।उसके बाद भी ज्यादातर हैंडपंप खराब पड़े हैं।जिससे रिबोर के नाम पर किया बंदरबांट सामने आ गया हैं।गांव के संजय त्रिपाठी,शशांक पटेल ,बच्चा तिवारी ,कैलाश ,देवी ,राजकुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि कई हैंडपंपो के खराब होने की शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई हैं।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हैंडपंपों को जल्द सही कराए जाने की मांग की हैं। बीडीओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जानकारी नहीं हैं।सचिव को भेजकर जल्द ही हैंडपंपों को सही कराया जाएगा।

## घंटो मार्ग पर लगा रहा जाम जाम खुलवाने में पुलिस का छूटा पसीना



**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाने के अंतर्गत बक्सर में लगें भीषण जाम से हजारों राहगीर सहित एम्बुलेंस भी फसी रही घण्टो पसीना बहाने के बाद पुलिस जाम खुलवा पाई।प्रधानमंत्री मोदी के फतेहपुर आगमन को लेकर रुट डायवर्जन किया गया था जिसको लेकर फतेहपुर की तरफ जाने वाले सभी बड़े वाहनों को चौडगरा-बक्सर -बिहार मार्ग की ओर मोड़ दिया गया जिसके चलते शुबह से ही भीषण जाम लगना शुरू हो गया जो साय 4:30 बजे तक सामान्य हो सका ।इसके चलते जाम की समस्या बढ़ती ही गयी ।हजारों राहगीर ,मोटरसाइकिल सवार,बड़ी गाड़िया जाम में फस गयी। जैसे जैसे धूप का प्रकोप होता रहा लोग भूख और प्यास से तरसने लगे। अनेक मरीज ,एम्बुलेंस ,स्कूली बच्चे,सभी जाम में फस गए। थाना बारसगबर प्रभारी अखिलेश तिवारी,चौकी ऊँचगाव प्रभारी ओम प्रकाश यादब ,चौकी पुलिस बक्सर प्रभारी प्रेम नारायण सरोज मय हम फोर्स जाम से निजात दिलाने पूरे दिन लगे रहे ।तब कही जाकर दोपहर बाद जाम खुल पाया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध का शव

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवदीनखेड़ा गांव के रहने वाले वृद्ध का शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में आम के पेड़ पर रस्सी के फंदे से शव लटका मिला। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिवदीनखेड़ा गांव के रहने वाले वृद्ध मुरारी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने शंकर दुबे के बाग में आम के पेड़ पर फंदे से वृद्ध का शव लटका देखा तो हड़कंप मच गई। पहचान के बाद ग्रामीणों ने वृद्ध के बेटे विकास को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर आवश्यक कार्रवाई की। मृतक मुरारी तीन भाईयों में मंझला था। बड़ा भाई शिव राज व राम चंद्र हैं। भाई रामचंद्र के मुताबिक मुरारी की पत्नी मालती के पेट का मार्च में ऑपरेशन हुआ था। तब से वह परेशान था। पत्नी मालती के मुताबिक रात दस बजे तक बातचीत की और उसके बाद घर से निकल गए थे। मौत को लेकर पत्नी मालती व तीन बेटों में विकास, विपिन और नितिन रो-रोकर बेहाल होते रहे।

## पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के नजदीक झाड़ियों में लगी भीषण आग



**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत उन्नाव हरदोई सडक मार्ग पर पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र से कुछ दूरी पर स्थित एक दूध डेरी के पास अज्ञात कारणों से झाड़ियों में लगी आग से सड़क किनारे के लगभग एक कि मी तक पेड पौधे और घास फूस जलकर राख हो गए तथा आग बढ़ते बढ़ते खेतो की तरफ पहुँच गई जिससे रवी की फसल कटने के बाद अवषेश जल कर खाक हो गए। वहीं पास में पूर्व चेयरमैन चंद्रमोहन निवासी ऊगू का खेत मे रखा हाईस्पीड पम्पिंग सेट इंजन जल गया ।वन कर्मियों को जब जानकारी हुई तो अग्निशमन को सूचना दी गई जिस पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तबतक सड़क किनारे खड़े बड़ी संख्या में पेड़ पौधे जल गए।

## भैस के विवाद को लेकर दबंगो ने एक परिवार को जमकर लाठी डंडों से पीटा

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। दूसरे के दरवाजे पर भैंस चली जाने से गुस्साए विपक्षी ने एक परिवार के घर पर धावा बोलकर लाठी डंडों से पीटकर कई लोगो को लहूलुहान कर दिया पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी बदलू पुत्र रामबक्स ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि बीते 12 मई की देर रात उनके खूंटे में बंधी भैस रस्सी तोड़कर छूट गई जिसके बाद घूमते हुए वह पड़ोसी के दरवाजे पहुंच गई जिससे पड़ोसी भैंस की लाठी डंडों से पिटाई कर रहे थे तभी वह खोजते हुए पहुंचा तो उसने इसका विरोध किया जिससे गुस्साकर विरोधी भैंस को छोड़कर लाठी डंडा लेकर उसे दौड़ा लिया इस दौरान वह जान बचाकर भागा और अपने घर में घुस गया किंतु गुस्साए विरोधी उसके घर पर पहुंचे और दरवाजे पर सो रहे उसके पुत्र रमन,पुत्री चांदनी,पत्नी उर्मिला की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी जिससे उन्हें गंभीर चोट आई घटना के बाद तीनो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से उन्हें रेफर कर दिया गया ।पीड़ित की तहरीर पर नामित बृजेंद्र व राघवेंद्र पुत्रगण लालबहादुर,दीपक पुत्र जयसिंह के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## घरेलू कलह से ऊबकर अधेड़ ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के गहाखेड़ा गांव के रहने वाले अधेड़ से शुक्रवार दोपहर जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। औरास थाना क्षेत्र के गहाखेड़ा गांव के रहने वाले अधेड़ चंद्रिका ने शुक्रवार को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिए। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। गंभीर हालत देख परिजन उसे सीएचसी औरास लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की है।

## शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की छत से नीचे गिरने से मौत

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के झाऊगढ़ी गांव में शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की गुरुवार रात छत से गिरने से मौत हो गई। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।औरास थाना क्षेत्र के नेवातीखेड़ा सिंधूर गांव के रहने वाले पैंतालीस वर्षीय बिंदेश्वर आसीवन थाना क्षेत्र के झाऊगढ़ी निवासी परिवारिक भाई महावीर की बेटी शांती की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के साथ गया था। गुरुवार रात भोजन करने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया था। देर रात लघुशंका करने के लिए उठने पर बिंदेश्वर छत से गिरकर जख्मी हो गया। जानकारी पर परिजन उसे जख्मी हालत में आसीवन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक बिंदेश्वर तीन भाईयों में मंझला था। भाईयों में बड़ा शिवपाल और राम औतार हैं। मौत को लेकर पत्नी भगवान देई व विवाहित बेटे हरिकेशन, श्रीकेशन व रजनी तथा अविवाहित काजल का रो-रोकर बुरा हाल रहा

## सम्पादकीय

# चुनाव प्रचार भाषणों में न टूटे भाषा की मर्यादा

चार चरण के चुनाव होने तक चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के संबोधन की भाषा में काफी गिरावट आई है। नेताओं ने विरोधी पर प्रहार के दौरान शब्दों की मार्यादाओं को अनेक बार लांघा है। चुनाव वैचारिक लड़ाई है, सभी दलों की आकांक्षा सरकार में आकर देश सेवा ही है, इसके बावजूद देश के अपने ही विरोधी नेताओं के लिए टपोरी भाषा, अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल आदि चिंता पैदा करती है। आचार संहिता लागू होने के बाद से यह दूसरी बार है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने नेताओं से मर्यादित भाषा के प्रयोग की अपील की है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं को ऐसे 'अच्छे उदाहरण' पेश करने चाहिए, जिनकी उनसे उम्मीद की जाती है। आयोग ने कहा है कि देश के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान नहीं पहुंचे, इसके लिए चुनाव के शेष चरणों में अपने चुनावी भाषणों को सही करना प्राथमिक रूप से नेताओं की जिम्मेदारी है। 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के बाद से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू है। यूं तो आयोग ने दावा किया है कि उसने आचार संहिता उल्लंघन के 90 फीसदी शिकायतों का निपटारा कर दिया है और कांग्रेस एवं भाजपा की कुछ शिकायतों को छोड़कर पार्टियों की ओर से कोई बड़ी शिकायत लंबित नहीं है। चुनाव के दौरान किस तरह की भाषा बोली जाय और किस तरह के शब्दों के प्रयोग नहीं किए जाएं, इसको लेकर निर्वाचन आयोग की सख्त गाइडलाइन है। सुप्रीम कोर्ट ने भी विभाजनकारी, अमर्यादित भाषा इस्तेमाल नहीं करने की सख्त हिदायत पूर्व में दी हुई है। आयोग के मुताबिक, आदर्श आचार संहिता लागू हुए करीब दो महीने पूरे होने के बाद निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों का प्रचार मुख्यतः हिंसा मुक्त, कम शोरगुल व कम कोलाहल वाला और प्रलोभन से मुक्त रहा है। चुनाव संबोधन के दौरान, विभाजनकारी बातें, प्रलोभन देना, विरोधी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना, नेताओं पर व्यक्ति प्रहार करना, सामाजिक तानेबाने के खिलाफ बोलना, जाति, समूह य संप्रदाय के खिलाफ बोलना आदि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता की पालना का दायित्व केंद्रीय निर्वाचन आयोग का है, इसलिए उसे नजीर पेश करना चाहिए। सबसे चिंता की बात है कि कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग किसी भी दल के बड़े नेता, जो आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेकर कोई नया उदाहरण पेश नहीं करता है। केवल हिदायत देने, चेताने और नसीहत देने से बात नहीं बन रही है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन चुनाव दर चुनाव बढ़ता ही जा रहा है। चुनावी भाषणों के दौरान राजनीतिक दलों के बीच शाब्दिक फिजा इतनी खराब हो जाती है कि वैचारिक मतभेद मनभेद और वैमनष्यता में बदल जाते हैं, यह ठीक नहीं है। सभी दल देश के हैं, नेता देश के हैं, लक्ष्य देश सेवा है, लोकतंत्र में पक्ष व विपक्ष दोनों महत्वपूर्ण अंग हैं, ऐसे में नेताओं को अपने विरोधियों के लिए मर्यादित, संस्कारित भाषा का इस्तेमाल ही करना चाहिए। कांग्रेस को देखना चाहिए कि पूर्व में उसके नेताओं ने पीएम नरेन्द्र मोदी समेत अन्य भाजपा नेताओं के लिए कितनी बार अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया है? चुनाव आयोग अगर शुरू से सख्त कार्रवाई करती रहती तो, भाषा की मर्यादा इतनी नहीं गिरती। पक्ष व विपक्ष दोनों ओर के नेता अपने संबोधनों में भाषा की मर्यादा व गरिमा बनाए रखें।

# दो चेहरों वाली अदालत



करवट

कुमार प्रशांत

मैं परेशान हूं कि देश में एक न्यायपालिका है लेकिन उसके दो चेहरे हैं। किंवदंति है कि रावण के कई सर थे- दशानन; लेकिन यह नहीं कहा जाता है कि वे सारे सर भिन्न-भिन्न बातें बोलते थे। सर भले कई हों, वे सब एक ही तरह से सोचते-करते हों तभी व्यवस्था की गाड़ी चल सकती है। ऐसा न हो तो कोई भी व्यवस्था नहीं चल सकती है - खास कर न्यायपालिका ! यहां दो तरह की मनोभूमिका बेहद चिंताजनक व खतरनाक होती है।

हमारी न्यायपालिका का एक चेहरा सर्वोच्च न्यायालय की उस खंडपीठ का है जिसने कुल जमा 50 से अधिक दिनों तक जेल में रहने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से रिहा कर दिया, कुल जमा 22 दिनों के लिए, 2 जून 2024 को उन्हें वापस जेल लौट जाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय की संजीव खन्ना-दीपांकर दत्ता खंडपीठ ने जो आदेश दिया है उसके मुताबिक केजरीवाल इस बीच मुख्यमंत्री की हैसियत से कोई भी काम नहीं कर सकेंगे, दफ्तर भी नहीं जा सकेंगे, फाइलें भी नहीं निबटा सकेंगे लेकिन वे अपनी पार्टी व अपने गठबंधन का देशव्यापी चुनाव प्रचार कर सकेंगे। सारे सरकारी प्रशासन ने व अब मोदी-तंत्र बन चुके ईडी, इंकमटैक्स जैसे संस्थानों ने हर तरह का तर्क आजमाया ताकि केजरीवाल को चुनाव खत्म होने तक जमानत न मिल सके लेकिन अदालत ने उनके सारे तर्कों को खारिज करते हुए केजरीवाल को सशर्त जमानत दे दी। कहा : " अरविंद केजरीवाल के बारे में आरोपियों ने यह ठीक ही ध्यान दिलाया है कि अक्टूबर 2023 से गिरफ्तारी तक भेजी ईडी की 9 नोटिसों-समन की उन्होंने उपेक्षा की. उनके मामले में यह प्रतिकूल तथ्य है लेकिन इस मामले में दूसरे भी कई तथ्य ऐसे हैं कि जिन पर ध्यान देना जरूरी है। आरोपी दिल्ली का मुख्यमंत्री है, एक राष्ट्रीय पार्टी का नेता है। इसमें शक नहीं कि उस पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं लेकिन अभी तक वे सिद्ध नहीं हुए हैं। उनका पहले का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। वे समाज पर किसी तरह का खतरा नहीं हैं यह कहने की जरूरत नहीं है कि लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण तत्व है जो अगले पांच साल के लिए देश की सरकार का फैसला करेगा। इसलिए हम आरोपियों के इस तर्क को खारिज करते हैं कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना सामान्य नागरिकों की तुलना में राजनेताओं का विशेष सुविधाप्राप्त वर्ग बनाना हो जाएगा।' इस तर्क के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने सत्तापक्ष की सारी कोशिशों को धता बताते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

जैसा कि अदालत ने कहा है कि अंतरिम जमानत का मतलब केजरीवाल को अपराधमुक्त घोषित करना नहीं है, ठीक उसी तरह मैं भी यह साफ कर दूं कि मेरे इस लेख का मतलब कोई ऐसा न निकाले कि मैं केजरीवाल की सरकारी व निजी नीतियों का समर्थन कर रहा हूं। मैं कहना यह चाह रहा हूं कि खन्ना-दत्ता पीठ ने जिस तरह इस मामले को सरकारी धौंस व कानून की मृत बारीकियों से बाहर निकल कर समझने व समझाने की कोशिश की, उससे सर्वोच्च न्यायालय का कद बड़ा हुआ है व लोकतंत्र के पांव मजबूत हुए हैं।



लेकिन यही न्यायपालिका जब पुणे में विशेष सुनवाई के लिए बैठती है, तब उसकी चेतना व समझ को लकवा क्यों मार जाता है ? जिस दिन केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का फैसला सामने आया, उसी 10 मई को 11 साल पुराने डॉ. नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड का फैसला भी सामने आया। यहां अदालत मामले की नजाकत को समझने में पूरी तरह विफल रही। समाज में फैली अंधश्रद्धा न्याय की किसी भी अवधारणा को सदियों से विफल करती हुई, अट्टहास करती आ रही है। हमारे सामाजिक जागरण व बौद्धिक सजगता का जैसा क्रूर मजाक अंधविश्वास फैलाने तथा उसकी आड़ में अपना स्वार्थ सिद्ध करने वालों ने किया है, करते आ रहे हैं, उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। यह इंसानी समझ को धता ही नहीं बताती है, बल्कि इंसानी कमजोरियों को निशाने पर ले कर समाज का मनोबल तोड़ देती है।

डॉ. दाभोलकर व उनकी अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने इसके खिलाफ मोर्चा खोला था। बौद्धिक-सांस्कृतिक-शैक्षणिक से ले कर प्रत्यक्ष प्रतिरोध का हर मंच उन्होंने इस्तेमाल किया। ऐसे एक आदमी की हत्या सनातन संस्था नाम के एक प्रतिगामी गंठजोड़ ने दिन-दहाड़े कर दी, तो यह एक व्यक्ति की ही नहीं, उस सामूहिक प्रयास की हत्या थी जो समाज को अंधविश्वासों के प्रति जाग्रत कर रहा था। 11 साल से पुलिस व अदालत अपराधी को पकड़ने व सामने लाने में लगी थी लेकिन दोनों इस कदर विफल रहते हैं कि विशेष जज पी.पी. जाधव कहते हैं : ' हमारे पास शंका करने के पर्याप्त कारण थे लेकिन पुलिस इनके खिलाफ पर्याप्त सबूत जुटाने में विफल रही।

अब न्यायपालिका को व समाज को सोचना यह चाहिए कि जिस 'व्यक्ति या संस्थान पर शंका करने के पर्याप्त सबूत थे', उसे 11 साल की कोशिश के बाद भी आप अपराधी सिद्ध नहीं कर पाए तो अदालत व पुलिस किस मर्ज की दवा हैं? अदालत व जज साहबान का एक ही, जी हां, एक ही काम है कि वे सच को खोज निकालें तथा अपराधी को बचने नहीं दें। आप देख भी रहे हैं, समझ भी रहे हैं, मान भी रहे हैं कि जो छूट रहे हैं वे हत्या जैसे जघन्य अपराध के अपराधी तो हैं, लेकिन जांच एजेंसियां, पुलिस आदि सही तरीके से जांच नहीं कर रही हैं। तो फिर अदालत क्या करेगी? मैं समझता हूं कि अदालत और जज साहबान की पेशेगत नैतिकता व संवैधानिक दायित्व कहता है कि उन्हें जांच एजेंसियों को कड़ा निर्देश देना चाहिए कि वे जांच में क्या-क्या ऐसा छोड़ रहे हैं जिससे मामला कमजोर पड़ रहा है, और उन्हें किस दिशा में जांच पूरी कर, नए साक्ष्य के साथ तुरंत अदालत के सामने उपस्थित होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक अदालत न किसी को मुक्त करेगी, न हल्की सजा देगी बल्कि मुकदमा लंबित रहेगा तथा पुलिस व सरकार पर अदालत का दवाब बना रहेगा। पुणे की इस अदालत ने किस आधार पर मुकदमा बंद कर दिया या अपराधियों के लिए ऊपर की अदालत तक जाने का रास्ता बना दिया? ऊपरी अदालतों में तो मामलों की और भी धकमपेल है, तो मामला वहां भेज कर आप अपनी जिम्मेवारियों से कंधा झटकने भर का काम कर रहे हैं जो आपकी अयोग्यता सिद्ध करता है।

न्यायपालिका याद करे, और हमेशा याद रखे कि स्वतंत्रता के बाद दो-दो बार ऐसा हुआ है कि अपनी तटस्थता व साहस खो देने के कारण न्यायपालिका ने सारे राष्ट्र को शर्मिंदा किया है। पहली थी महात्मा गांधी की हत्या। उस मुकदमे ने हमारी न्यायपालिका के चेहरे पर ऐसी कालिख मली है जो कभी छूटेगी नहीं। नाथूराम गोडसे से ले कर सावरकर तक सभी उस हत्या के प्रमाणसहित सीधे गुनहगार थे। पुलिस व जांच एजेंसियां राजनीतिक दवाब व भय से तथा अपनी पक्षधरता से उस तरह जांच नहीं कर रही थीं जिस तरह करने की जरूरत थी. तब जज साहब क्या कर रहे थे? तब सरकार क्या कर रही थी? क्या अदालत सावधान थी कि वह किसी भी स्तर पर अपराधी को बचने का मौका नहीं देगी ? क्या सरकार सावधान व प्रतिबद्ध थी कि वह अपनी मशीनरी को किसी भी स्तर पर कोताही बरतने नहीं देगी? गांधी-हत्या पर लिखी गई प्रायः हर किताब में अदालत के व सरकार के रवैये पर गहरा क्षोभ दर्ज है तो इसी कारण से। गांधी से दाभोलकर तक की हत्या में हत्यारे इतनी लंबी दौड़ लगा चुके हैं लेकिन अदालत आज तक बैठी है कि न्याय के लिए जरूरी प्रमाण उसके पास चलकर आएंगे?

ऐसा ही तब भी हुआ जब लोकतंत्र की समझ व उसके प्रति प्रतिबद्धता की परख करने आपातकाल देश के सामने आया। जयप्रकाश नारायण ने मामला आसान बना दिया था - यह लोक बनाम तंत्र की लड़ाई है। उन्होंने पक्ष-विपक्ष की राजनीति से एकदम अलग, एक नया ही विमर्श देश में खड़ा कर दिया था : लोक की व्यापक असहमति को कुचलने का अधिकार किसी भी तंत्र के पास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा -लोकतंत्र किसी सरकार का मामला नहीं है। लेकिन उस नाजुक कालखंड में हमारी न्यायपालिका निरक्षर भट्टाचार्य साबित हुई. वह तो जिस संविधान की रक्षा की शपथ लेती है, उसकी ही भक्षक बन गई। उसने तो 'कानूनी संप्रभु' को 'संवैधानिक संप्रभु' का आका घोषित कर दिया। उस कलंक को धोने में न्यायपालिका को वैसी हिम्मत व दूरदृष्टि बार-बार दिखानी होगी जैसी केजरीवाल की अंतरिम जमानत के प्रश्न पर खन्ना-दत्ता की खंडपीठ ने दिखाई। न्यायपालिका सतत संविधान की कसौटी पर होती है और लोक हमेशा ही संविधान का संरक्षण चाहता है, यह लोकतांत्रिक दायित्व संविधान ने न्यायपालिका की गांठ में बांध दिया है। यह गांठ कमजोर होगी या भुला दी जाएगी तो न्यायपालिका जितने भी चेहरे लगा ले, वह स्याह ही होता जाएगा।

(लेखक के ये उनके अपने विचार हैं।)

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में देखने वाली खूबसूरत जगह में शामिल जिनेवा भी है जिसे स्विट्ज़रलैंड का सबसे शांत शहर माना जाता है। स्विट्ज़रलैंड चॉकलेट्स और घड़ियों के लिए बहुत फेमस देश है और जिनेवा इन व्यवसाय का केंद्र है।

## पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित

दर्शन

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

## जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित

प्रेरणा

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि "इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## जंगल की आग

रोहित कौशिक



# वन संपदा बचाना प्राथमिकता हो

इस समय उत्तराखंड के अनेक भागों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। आग के कारण वन सम्पदा को काफी नुकसान हो रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि कभी प्राकृतिक कारणों से जंगलों में आग लगती है तो कभी निहित स्वार्थों के कारण जानबूझकर जंगलों में आग लगा दी जाती है। जब तापमान बढ़ता है तो जंगलों में आग लगने की संभावना भी बढ़ जाती है। कुछ समय पहले काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर द्वारा जारी रिपोर्ट 'मैनेजिंग फारेस्ट फायर इन चेंजिंग क्लाइमेट' में बताया गया था कि भारत के 30 प्रतिशत से ज्यादा जिलों के जंगलों में भीषण आग लगने का खतरा मौजूद है। इस अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों के दौरान देश के जंगलों में आग लगने की घटनाएं 10 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र के जंगलों पर भीषण आग लगने की संभावना के कारण सबसे ज्यादा खतरा है। रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारों या राज्य के वन विभागों को सरकारी स्कूलों और सामुदायिक हाल जैसे सार्वजनिक भवनों को ऐसी आपदाओं के लिए तैयार करना चाहिए। इन भवनों में स्वच्छ हवा के लिए एयर फिल्टर जैसे उपायों का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि जंगलों में आग लगने के दौरान आग और धुएं से बचा जा सके। इसके साथ ही जंगल में आग रोकने और उससे लड़ने के लिए एक विशेष रूप से प्रशिक्षित कैडर तैयार करना चाहिए। सरकारों को जंगलों में आग लगने की घटनाओं के लिए रीयल-टाइम अलर्ट सिस्टम भी विकसित करना चाहिए। इस अध्ययन में बताया गया है कि पिछले दो दशकों में जंगल में लगने वाली आग के 89 प्रतिशत से ज्यादा मामले उन जिलों में दर्ज किए गए हैं, जो या तो सूखे से प्रभावित हैं या फिर वहां मौसम में परिवर्तन देखा गया है। जंगल में आग लगने की अत्यधिक घटनाओं वाले कुछ ऐसे जिले हैं, जहां पहले बाढ़ का खतरा होता था लेकिन अब वहां सूखे की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। पहाड़ों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए किसी एक कारक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पहाड़ों में ऐसी घटनाओं के इतिहास को देखते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई जाती है। एक अध्ययन के अनुसार पूर्व एशिया, दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और समुद्र तटीय क्षेत्रों में जंगलों में आग लगने की समस्या बढ़ती जा रही हैं। इस आग से लोगों का स्वास्थ्य, पर्यटन अर्थव्यवस्था और परिवहन उद्योग गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि दक्षिण एशिया में आग से नष्ट होने वाले 90 फीसदी जंगल भारत के हैं। पहाड़ों पर चीड़ के वृक्ष आग जल्दी पकड़ते हैं। दरअसल पहाड़ों की भौगोलिक स्थिति के कारण आग या फिर किसी अन्य आपदा से जझना आसान नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- विनय कुमार रायपुर

## ट्रेंड

### शांति की दिशा में काम करें



हम आज गाजा में मानवतावादी कार्यकर्ता और एक अन्य घायल की मृत्यु के बारे में जानकर बहुत दुखी हैं। इस युद्ध की कीमत बहुत से नागरिकों और मानवीय लोगों की जान को चुकानी पड़ी है। युद्धविराम करें और शांति की दिशा में काम करें।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### वीरों को भुलाया नहीं जाएगा



जून 1944 में नॉर्मंडी के समुद्र तटों पर उतरने वाले सैनिक अंधेरे में डूबे महाद्वीप के लिए आशा की किरण थे। डी डे 80 से पहले स्मरण की मशाल जलाना सौभाग्य की बात थी। इन वीर दिग्गजों की सेवा को भुलाया नहीं जाएगा।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### सांसद को सड़क पर उतारुंगा



जितना आप लोगों ने अपने सांसद को 10 सालों में नहीं देखा उससे कहीं ज़्यादा बार 10 दिन में उनके दर्शन करवाऊंगा। आपकी समस्याओं पर आंख मूंदकर आपसे दूर आलीशान बंगले में रहने वाले सांसद को मैं सड़कों पर आपके बीच उतार कर दिखाऊंगा।

-कन्हैया कुमार, कांग्रेस नेता

### भारत में स्टार्टअप की बूम



अमेरिका असाधारण स्टार्टअप बूम के दौर में है। स्टार्ट अप की बूम भारत समेत हर जगह है। ट्रैकर की आवश्यकता आरओआई और सतत विकास को बढ़ाने के लिए है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# व्हाइट हाउस में गूंजा सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा

व्हाइट हाउस के मरीन बैंड ने सोमवार को कई एशियाई अमेरिकियों के समक्ष 'सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' गीत की धुन बजाई। एशियाई अमेरिकी व्हाइट हाउस में 'एशियन अमेरिकन, नेटिव हवाई एंड पेसिफिक आइलेंडर' (एएएनएचपीआई) 'विरासत माह' का जश्न मनाने के लिए एक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ इकट्ठा हुए थे। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मोहम्मद इकबाल द्वारा लिखे गए देशभक्ति गीत की धुन को भारतीय अमेरिकियों के अनुरोध पर मरीन बैंड ने दो बार बजाया। राष्ट्रपति की ओर से इस वार्षिक कार्यक्रम के लिए भारतीय अमेरिकियों को आमंत्रित किया गया था।



## ऑफ बीट

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब गाने बना सकता है

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पाठ और छवि निर्माण उपकरण कुछ समय से हमारे आसपास मौजूद हैं, लेकिन हाल के सप्ताहों में एआई-जनित संगीत बनाने वाले ऐप भी उपभोक्ताओं तक पहुंच गए हैं। अन्य जेनरेटिव एआई टूल की तरह, दो उत्पाद - सुनो और यूडियो उपयोगकर्ता के संकेत को आउटपुट में बदलकर काम करते हैं। उदाहरण के लिए, 'सुनो' पर मेरे कुत्ते द्वारा मेरा होमवर्क चबा डालने के बारे में एक 'रॉक पंक गीत' के लिए संकेत देने से एक ऑडियो फ़ाइल तैयार होगी जो वाद्ययंत्रों और स्वरों को जोड़ती है। आउटपुट को एमपी3 फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है।



## संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक ने किया परेड का निरीक्षण

**मेस मे भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु दिये निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बीते शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला द्वारा पुलिस लाइन बहराइच के परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कप्तान द्वारा बैरको का निरीक्षण कर, बैरको व शौचालयो की साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर शस्त्रागार, परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, डायल-112 व यातायात शाखा निरीक्षण किया गया, रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में बेहतर साफ सफाई, गुणवत्तापरक निर्माण व मरम्मत कार्य कराए जाने हेतु क्षेत्राधिकारी लाइन एवम् प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण व मरम्मत कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्तापरक, तीव्र गति से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन/पयागपुर हीरालाल कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्यालय की चार दिवारी का किया गया उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद की 19 पैरामीटर की कायाकल्प योजनानुसार विद्यालयों में चल रहे चाहरदीवारी निर्माण कार्य में प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर, सुमेरपुर के कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत नवनिर्मित चाहरदीवारी का उद्घाटन व सेवानिवृत्त पूर्व न्याय पंचायत प्रभारी चैनपुर संकठा प्रसाद का सम्मान विनोद सिंह अध्यक्ष प्रा0 शि0 सं0 तथा अखिलेश वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से किया खंड शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि शासन के निर्धारित मानक के अनुसार प्रत्येक विद्यालयों में 19 पैरामीटर की संतृप्त करने संबंधी कार्य गतिमान है जिसमे प्राथमिक विद्यालय दुबेपुर में चाहरदीवारी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया हैं इस अवसर पर विनोद सिंह ने कहा कि वर्तमान मे हमारे शिक्षक अध्यापन के साथ साथ विद्यालय के भौतिक वातावरण मे भी भरपूर सुधार और सभी मानक पूर्ण कराये जाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं जिससे विद्यालय के सुरक्षित होने के साथ-साथ ही शैक्षिक वातावरण का भी सृजन हो रहा है कार्यक्रम का संचालन आनंद त्रिपाठी एवं अतिथियों का आभार प्रदर्शन मनोज पटेल ने किया गौरतलब बात ये है वर्तमान समय मे चुनाव अधिसूचना व आचार संहिता चल रही है फिर भी बाउंड्रीवाल का लोकार्पण करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के क्रिटिकल मतदान केन्द बुबकापुर व प्रा.वि. फखरपुर स्थित मतदान केन्द्र माधवपुर का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए मौजूद लोगों इस बात की जानकारी प्राप्त की कि उन्हें मतदान करने में किसी प्रकार की कहीं कोई दिक्कत तो नहीं है। दोनों पोलिंग स्टेशनों पर मौजूद महिला, पुरूष एवं युवाओं की ओर से बताया गया कि कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। डीएम ने मौजूद लोंगों से मतदाता पर्ची वितरण कार्य का फीड बैक प्राप्त करते हुए अपील की कि 20 मई सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ डीएम ने वेबकास्टिंग के लिए नेटवर्क की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया मतदान केन्द्रों की भली प्रकार से साफ-सफाई करा दें। डीएम ने बीडीओ को यह भी निर्देश दिया कि शाम के समय मतदाता लागरूकता वाहनों को गांव में भेजकर लोगों से मतदान की अपील की जाय। डीएम ने ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया कि मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराते हुये ग्रामवासियों को मतदान के लिए प्रेरित भी करें। ग्राम प्रधानों से यह भी कहा गया कि मतदान के उपरांत मतदान केन्द्र के बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी शूट कर लोगों को शेयर करें ताकि दूसरे लोग भी मतदान करने के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर बीडीओ फखरपुर अजय प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष फखरपुर करुणाकर पाण्डेय व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**तहसील परिसर से खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में निकल गया मशाल जुलूस**

अमन लेखनी समाचार




कैसरगंज, बहराइच। आगामी 20 मई को लोकसभा कैसरगंज के लिए होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार की शाम को विकासखंड कैसरगंज के बेसिक शिक्षा परिवार के शिक्षकों ने तहसील परिसर से एक मशाल जुलूस निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया तथा पहले मतदान फिर जलपान के लिए प्रेरित किया। इस जुलूस का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी जे0बी0 चौधरी व नायब तहसीलदार ने किया। यह मशाल जुलूस पूरे कैसरगंज कस्बे का भ्रमण कर पुनः तहसील परिसर में आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह, महेन्द्र चौधरी, मनोज सिंह, इन्द्र मोहन यादव, चन्द्र प्रताप सिंह, रसल रघुवंशी, नीरज कुमार यादव, सुधीर पटेल, उमेश पांडेय, सुनील कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, राज कुमार, अरविन्द कुमार मौर्य, विवेक कुमार यादव, अनिल कुमार, कमलेश कुमार राव, सत्य प्रकाश, आशुतोष कुमार, रमेश वर्मा, जितेन्द्र कुमार, अनिल सिंह, रावेश कुमार, आशुतोष तिवारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# मतदान की समाप्ति तक सील रहेगी भारत-नेपाल सीमा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पंचम चरण अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 20 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों तथा 01 अप्रैल 2024 को सम्पन्न भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा समन्वय बैठक में हुई सहमति के क्रम में जनपद बहराइच की नेपाल राष्ट्र से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा 17 मई 2024 को सांय 05:00 बजे से 20 मई 2024 को मतदान समाप्ति की अवधि तक के लिए सील किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि उपरोक्त अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी किये जाने हेतु एसएसबी कमाण्डेंट 42वीं वाहिनी व 59वीं वाहिनी बहराइच एवं 70वीं वाहिनी लखीमपुरी खीरी अथवा उनके द्वारा




नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवागमन करने हेतु पास जारी करने हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा व मिहींपुरवा (मोतीपुर)/पुलिस क्षेत्राधिकारी, नानपारा व मोतीपुर को अधिकृत किया जाता है।

# सपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से बनाये विजयी: रामतेज यादव

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज विधानसभा के ग्यारह सो रेती में शुक्रवार को लोकसभा प्रत्याशी कैसरगंज भगत राम मिश्रा के साथ पूर्व विधायक कैसरगंज राम तेज यादव ने जनसंपर्क किया तथा सपा प्रत्याशी को भारी मतो से जिताने की अपील की। इसके पश्चात एक जनसभा का आयोजन भी किया गया जिसका संचालन प्रदीप यादव एडवोकेट ने किया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि आज देश में हालात बद से बदतर हो रहे हैं। महंगाई जमीन से आसमान छू रही है और वर्तमान सत्ता में बैठे लोगों द्वारा संविधान व आरक्षण को खत्म करने की पूरी साजिश चल रही है। इसलिए इस बार इस सरकार को अपने मत की ताकत से उखाड़ कर फेंक दीजिए जिससे हमारा संविधान और आरक्षण व लोकतंत्र बच सके। सपा प्रत्याशी श्री मिश्र ने कहा कि इस समय देश से महंगाई व बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है जिसे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खत्म किया जाएगा और युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। महंगाई को खत्म किया जाएगा और कैसरगंज लोकसभा का विकास भी किया जाएगा। इस अवसर पर क हाजी इमलाक खां, सुनील निषाद, मंजू चौधरी, लक्ष्मी यादव, अबरार खां, अनवार खां एड, दिनेश सिंह, प्रदीप यादव एडवोकेट, मनोज यादव एडवोकेट धर्मपाल यादव, अखिलेश यादव, राकेश यादव, क्रांतिवीर यादव, सोहेल अहमद, दिनेश गौतम, रमेश भास्कर, दिनेश लोधी, अनवर खां सहित सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**निर्वाचन से सम्बन्धित कार्यो का लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर पंचम चरण अन्तर्गत 57-कैसरगंज (आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र पयागपुर हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा पोलिंग पार्टियों को प्रदान करने वाली निर्वाचन सामग्री की तैयारियों का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# भारत नेपाल सीमा पर कृषि विभाग व एसएसबी ने पकड़ी 30 बोरी खाद

**खाद तस्करी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: जिला कृषि अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर कृषि विभाग व एसएसबी के सहयोग से 30 बोरी खाद बरामद हुई है साथ ही एक अभियुक्त को भी टीम ने पकड़ा है। भारत नेपाल सीमा पर लौकही के निकट पिलर संख्या 667/14 के पास कृषि विभाग व एसएसबी की टीम ने 30 बोरी खाद बरामद की है। जिसमें आठ बोरी सिंगल सुपर फास्फेट, 10 बोरी डीएपी, 12 बोरी यूरिया शामिल है। जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे ने बताया कि एसएसबी का कृषि विभाग के सहयोग से 30 बोरी खाद बरामद की गई है। खाद को सील कर दिया गया है और नमूना परीक्षण के लिए भेजा गया है। पकड़े गए अभियुक्त शहजाद पुत्र रुस्तम निवासी लौकाही थाना मोतीपुर को थाना मोतीपुर पुलिस के हवाले करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडे ने बताया कि सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना आधार और खतौनी के किसी भी किसान को खाद ना बेंचें लापरवाही बरतने पर दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और छापेमारी का अभियान लगातार चलता रहेगा। खाद बरामद करने वालों में अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव व उनकी टीम के साथ ही एसएसबी के जवान शामिल रहे।

# सुलतानपुर में साइबर सुरक्षा के लिए कैंप

**300 छात्रों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए, बच्चे होते हैं आसान टारगेट**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध कम करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नगर के मॉर्डन पब्लिक स्कूल गभड़िया में साइबर पीस फाउंडेशन की ओर से कैंप लगाया गया। इसमें फाउंडेशन की ओर से साइबर पीस फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रशिक्षक नितिन पांडेय ने लोगों को जानकारी दी। साइबर पीस फाउंडेशन पिछले 20 सालों से वैश्विक स्तर पर साइबर सुरक्षा एवंम अपराध कम करने के लिए कार्य कर रहा है। यहां करीब 300 विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बातचीत में विश्व के प्रसिद्ध साइबर सुरक्षा विशषज्ञ व साइबर पीस फाउंडेशन के वरिष्ठ प्रशिक्षक नितिन पांडेय ने बताया कि देश में लगातार बढ़ते साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर पीस फाउंडेशन की ओर से एक व्यापक साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य खासतौर पर विद्यार्थी हैं क्योंकि सबसे आसानी से साइबर अपराधी बच्चों को अपना शिकार बना लेते हैं। इसलिए स्कूल एवंम कॉलेज विद्यार्थियों को जागरूक करना बहुत महत्वपूर्ण है। इन विद्यर्थियों को साल भर निःशुल्क व नियमित रूप से साइबर सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें साइबर खतरों से बचाव के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा पिछले कुछ सालों में साइबर अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा चोरी, रैनसमवेयर अटैक, और फिशिंग शामिल हैं। इन अपराधों से न केवल व्यक्तिगत और वित्तीय नुकसान होता है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा को भी खतरा होता है। उन्होंने बताया इस ऐतिहासिक मुहिम को पूरे देश में साइबर पीस क्लब्स के द्वारा चलाया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश सिंह, कोऑर्डिनेटर मोहम्मद साकिब, विपिन मिश्रा, अमित अग्रहरि, योगेश चतुवेर्दी, ओपी सिंह, पंकज यादव, तारा यादव व विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# हापुड़ में लिंग परीक्षण गिरोह का भंडाफोड़

- सीएमओ और पुलिस टीम ने 2 आरोपियों को पकड़ा, जांच में जुटे अफसर

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के गांव महमूदपुर में लिंग परीक्षण करते दो लोगों को स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम ने रंगे हाथ दबोच लिया। दोनों युवकों को पकडने.के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जाल बिछाया था। युवकों के पास से आठ हजार रुपए भी बरामद हुए हैं। मामले में सीएमओ ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, कई माह से गांव महमूदपुर में यह परीक्षण केंद्र चल रहा था। जहां मासूम लोगों को ठगा जा रहा था। बिना अल्ट्रासाउंड मशीन के यहां परीक्षण होता था। कई बार गलत जानकारी देने पर लोगों ने यहां आकर हंगामा भी किया था। भोले-भाले लोगों को फंसाकर यहां परीक्षण कराया जाता था। परीक्षण करने के लिए लैपटाप, पोर्टेबल मशीन का सहारा लिया जाता था। शिकायत के आधार पर टीम का गठन किया गया। गांव महमूदपुर में एक महिला को गर्भवती बनाकर गांव में बने परीक्षण केंद्र पर भेजा गया था। महिला को 15 हजार रुपये भी जांच कराने के लिए दिए गए थे। यह परीक्षण केंद्र जीतपाल के निवास पर चल रहा था। जहां अनुज विहार निवासी राजीव और गढ़मुक्तेश्वर निवासी टिंकू परीक्षण कर रहे थे। जब महिला जांच कराने पहुंची तो कुछ ही देर बाद मौके पर स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम भी पहुंच गई। साथ ही सीएमओ डॉक्टर सुनील त्यागी भी वहां आ गए। टीम ने मौके से राजीव और मकान स्वामी जीतपाल को हिरासत में लिया है। जबकि, टिंकू और एक अन्य युवक मौके से फरार हो गए। टीम ने लैपटॉप और पोर्टेबल मशीन भी मौके से पकड़ी है। जिसके बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। सीएमओ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# बीज शोधन करना होता है जरूरी

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। धान की खेती करने वाले किसानों को नर्सरी डालने से पहले बीज एवम भूमि जनित रोगों से बचने के लिए बीज एवम मृदा का उपचार अवश्य करना चाहिए। धौरा कृषि विज्ञान केंद्र के पौध संरक्षण वैज्ञानिक डॉ जय कुमार यादव ने बताया की बीज शोधन करना बहुत ही आवाश्यक होता है क्योंकि बहुत से रोग बीज जनित रोग फसलों में उत्पन्न हो जाते हैं। जिससे फसल उत्पादन घट जाता है। इस नुकसान से बचने के लिए किसान बीज शोधन जरूर करें।

धान की फसल में कई रोग बीज जनित होते हैं। नर्सरी के लिए तैयार बीज में ही रोग संक्रमण के कारक मौजूद रहते हैं जैसे ही अनुकूल परिस्थितियां मिलती हैं रोग का प्रसार तेजी से हो जाता है। धान की नर्सरी डालने वाले किसान बीज एवम मृदा शोधन करके अपनी फसल को बड़े नुकसान से बचा सकते हैं धान में पद गलन, झोंका, बकानी, झुलसा, खैरा आदि जैसे रोग धान में पाए जाते हैं किसान को धान की नर्सरी डालने से पहले बीज एवम मृदा का उपचार अवश्य कर लेना चाहिए। बीजशोधन कार्बेंडाजिम, जैव उर्वरक जैसे एजोटोबेक्टर, ट्राइकोडर्मा, स्योडोमोनास आदि जैसे अन्य रसायनों से बीज उपचार कर सकते हैं, मृदा उपचार करने के लिए किसान ट्राईकोडर्मा का प्रयोग कर सकते हैं। ट्राईकोडर्मा को 5 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर के हिसाब से प्रयोग करें। अधिक जानकारी के लिए केंद्र पर आकर किसान भाई सम्पर्क कर सकते हैं।

# वन संरक्षक ने डीएफओ के साथ पौधशाला का किया निरीक्षण

- बोले – इस वर्ष जिले में 40 लाख पौध किए जाएंगे रोपित, समुचित रखरखाव का निर्देश दिया

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर के कुमारगंज रेंज के पौधशालाओं का वन संरक्षक ने प्रभागीय वनाधिकारी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं को परखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमारगंज एवं बवां पौधशाला का निरीक्षण करने के लिए वन संरक्षक समीर कुमार कुमारगंज रेंज पहुंचे थे। उन्होंने सर्वप्रथम कुमारगंज पौधशाला में उगाए गए करीब 2 लाख 80 हजार पौधों का बारीकी से निरीक्षण किया। जिसके बाद मौके पर मौजूद अधिकारियों को पौधों के समुचित रखरखाव का निर्देश पौधशाला में मौजूद कर्मचारियों को दी। कुमारगंज वन रेंज स्थित बवां पौधशाला पहुंचे, जहां विभिन्न प्रजातियों के उगाए गए करीब 3 लाख 72 हजार पौधों की नर्सरी का निरीक्षण करते हुए पौधों रोपण के बारे में मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। नर्सरियों में लगाए गए पौधों के बीच जाकर मिलान किया। तथा कहां की पौधों को कैसे रखा जाए जिससे सूर्य की किरणें सभी पौधों पर पड़ती रहे। सूर्य की किरणें सभी पौधों पर पड़ेगी तो पौधे स्वस्थ रहेंगे इसके साथ ही ऐसे मौसम में पौधों की लगातार सिंचाई के साथ-साथ समुचित देखभाल करने की जरूरत है। कुमारगंज रेंज में वन विभाग की कई नर्सरी संचालित हैं। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के आम, जामुन, सिरसा गुलार, पकड़, शीशम, सागौन, नीम, महुआ, अमरूद, बरगद, पीपल सहित कई प्रजातियों के पौधों को रोपित कर उनकी नर्सरी तैयार की जा रही है।

# संक्षेप

## सोनभद्र में अधेड़ का मिला शव

### शिनाख्त करने में जुटी पुलिस, ग्रामीण बोले– अर्धविछिप्त अवस्था में गांव में घूम रहा था

सोनभद्र, सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के करद गांव के पास एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना प्रभारी केदारनाथ मौर्य ने बताया कि ग्राम प्रधान लाल बहादुर गौतम द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति के शव के करद मोड़ पर होने की सूचना दी गई। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर ग्राम करद पहुंचकर छानबीन शुरू की। उन्होंने बताया कि एक पुरुष जिसकी उम्र लगभग 55 वर्ष नाम पता अज्ञात का शव सड़क के किनारे मोड़ पर पड़ा मिला है। मृतक पुरुष की शिनाख्त करने का हर संभव प्रयास किया गया, परन्तु शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक पुरुष के बारे में पूछने पर ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि यह व्यक्ति लगभग तीन-चार दिनों से अर्धविछिप्त अवस्था में गांव में घूम रहा था, जिसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी। लोगों ने बताया कि देर रात से वह इसी मोड़ पर लेटा हुआ था, दोपहर में उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के शरीर का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। किसी प्रकार की कोई चोट नहीं पाई गई। जिसकी मृत्यु स्वाभाविक रूप से होना प्रथम दृष्टिया पाया जा रहा है। पंचायत नामा नियमानुसार भरकर पोस्टमॉर्टम हाऊस में रखवा दिया गया है।

नियमानुसार 72 घंटे बाद पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मृतक की शिनाख्त करने के लिए सभी संभावित स्रोतों, समाचार पत्रों, सोशल मीडिया समेत अन्य माध्यमों से प्रयास किया जाएगा।

## शाहगंज में पत्रकार हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

### महाराष्ट्र से मास्टरमाइंड गिरफ्तार, सुपारी किलर से कराई थी हत्या

जौनपुर , शाहगंज कोतवाली पुलिस ने पत्रकार आशुतोष हत्याकांड का 48 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए घटना मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूरी घटना की स्क्रिप्ट लिखने वाले साजिशकर्ता जमीरुद्दीन कुरैशी को महाराष्ट्र के भिवंडी से गिरफ्तार किया। फिलहाल उसके ट्रांजिट रिमांड की कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर और कुख्यात गो तस्कर है। माना जा रहा है कि गो तस्करी के खिलाफ आवाज बुलंद करने की वजह से आशुतोष की हत्या की गई। बताते चलें कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे सबरहद गांव निवासी आशुतोष श्रीवास्तव को उनके घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित इमरानगंज बाजार में सफेद अपाची बाइक से आए दो नकाबपोश बदमाशों ने गोली मार दी थी। आशुतोष को सीने और पेट के ऊपरी हिस्से में चार गोलियां लगी थीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। आशुतोष के परिजनों ने बताया था कि उन्हें जान का खतरा था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि शाहगंज पुलिस को इस बात की जानकारी भी थी लेकिन पुलिस ने आशुतोष की सुरक्षा के लिया कुछ भी नहीं किया।

# गोरखपुर लोकसभा से 13 प्रत्याशी मैदान में वितरीत किए गए सिंबल

## बांसगांव लोकसभा से 8 प्रत्याशी मैदान में वितरित किए गए सिंबल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।64 गोरखपुर लोकसभा से 13 प्रत्याशी मैदान में बांसगांव लोकसभा से आठ प्रत्याशी मैदान में सभी को आज सिंबल वितरित किए गए। काजल निषाद साइकिल जावेद अशरफ हाथी रवि किशन कमल का फूल शिव शंकर प्रजापति फुटबॉल खिलाड़ी संजय सिंह राणा ऑटो रिक्शा सुधांशु टेलीविजन आनंद यादव उपहार गिफ्ट अमिता भारती चारपाई अंकित शाह हीरा सोनू राय आदमी व पाल युक्त नौका नफीस अख्तर सिटी राम प्रसाद हरी मिर्च पिंटू सहानी केतली वितरित किए गए।67 बांसगांव लोकसभा से आठ प्रत्याशी मैदान में कमलेश पासवान कमल का फूल सदल प्रसाद हाथ का पंजा राम समुझ हाथी हीरालाल एयरकंडीशनर श्रवण निराला सिलेंडर गया प्रसाद गुब्बारा मुरलीधर आलमारी राजेंद्र चौहान को चारपाई वितरित किया गया। गोरखपुर लोकसभा के प्रेक्षक आईएएस नथमल डिडेल जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मृणाली अविनाश जोशी सहायक रिटर्निंग अफसर उप जिला अधिकारी सिद्धार्थ पाठक सहायक एसडीम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह उप जिलाधिकारी राजू कुमार आरओ सहायक विद्या चरण पांडे। बांसगांव लोक सभा प्रेक्षक आईएएस आर मेनका रिटर्निंग अफसर जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह एसडीएम चौरी चौरा प्रशांत वर्मा मौजूदा कर वेद प्रत्याशियों को सेंबल वितरित किए इससे पूर्व सभी अधिकारी गण अपने-अपने कक्षा में बैठकर प्रत्याशियों का इंतजार कर रहे थे कि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापसी ले लेकिन 16 व 17 मई को नाम वापसी का दिन था आज 3:00 बजे नाम वापस लेने का समय समाप्त होने के बाद वैध प्रत्याशीयो को सिंबल वितरित किए अब प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर अपना प्रचार प्रसार करेंगे 1 जून को मतदान गोरखपुर बांसगांव लोकसभा का होगा। नामांकन नोडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार व क्षेत्राधिकारी खजनी ओंकार तिवारी की देखरेख में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहा एलआईयू सिविल पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए मौजूद रही।

# विवाहिता के परिजन ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के बिसरी में गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थित में मौत के बाद मायके के लोगो ने ससुराल के लोगो पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दि कराई है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करें की तैयारी कर रही है। मिली जानकारी से रविंद्र तिवारी पुत्र स्व केशव तिवारी निवासी किशुनगौरी थाना कोठीभार जिला महराजगंज ने अपनी पुत्री सोनाली मिश्रा की शादी 28 नवंबर 2021 में सहजनवा थाना क्षेत्र के बिसरी निवासी आशुतोष कुमार मिश्र के साथ किया था। ससुराल के लोग दहेज के लिए हमेशा मारा पीटा करते थे।विवाहिता 7 माह की गर्भवती थी।बुधवार को दिन 3.30 बजे पति सहित ससुराल के लोगो ने मिलकर विवाहिता की हत्या कर लाश को पंखे की कुंडी में फंदे के सहारे लटका कर खुदकुशी दिखाने की कोशिश की गई थी। पीड़ित ने पति,ससुर,सास,देवर के खिलाफ दहेज हत्या का शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में सीओ गीडा अनुराग सिंह ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया जायेगा।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर रैली निकाल कर किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा सेक्टर -23 स्थित पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को स्वछता पखवाड़ा के अंतर्गत एक रैली निकाल कर लोगो को स्वछता के प्रति जागरूक किया गया। कर्मचारियों ने पावरग्रिड के आस पास उगे झाड झंखाड़ एवं कचरे को साफ किया किया गया।इस मौके पर पावरग्रिड के महाप्रबंधक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि हम सभी अपने घरो के आस पास साफ सफाई रखें तो बहुत सारी संक्रामक एवं गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता।इस अवसर पर पावरग्रिड के उप महाप्रबंधक गौतम श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक उमेश राय, मनोज पाण्डेय, दयाराम यादव,स्नेहा श्रीवास्तव,एके श्रीवास्तव,राजू सिंह,दीपांकर निषाद सहित कई अधिकारी , कर्मचारी उपस्थिति रहें।

# स्नान करते समय पुत्रवधू को झांक रहा था ससुर, विरोध करने पर पीटा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में स्नान कर रही पुत्रवधू को ससुर झांक रहा था। विरोध करने पर उसे गाली गलौज करते हुए पीट दिया। पीड़िता ने आरोपी ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के माडर में वृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे पुत्रवधू घर में स्नान कर रही थी।उसी दौरान ससुर स्नान गृह में झांक रहा था। जिस पर महिला की नजर पड़ गई। तो उसने विरोध किया तो वह गाली गलौज करते हुए मारने पीटने लगा। और घर से निकलने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने आरोपी ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।इस संदर्भ में थाना प्रभारी पंकज सिंह ने कहा की प्रकरण की जानकारी है। पुलिस गई थी। लेकिन ससुर घर से फरार है।

# छत के रास्ते घुसकर चोरों ने की चोरी

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां थाना अंतर्गत ग्राम मकरहट निवासी सत्यनारायण सिंह के घर में घुसकर गुरूवार की रात चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान चुरा लिया। पीड़ित पक्ष द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई है।मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि-चोरों रखा हुआ-10000 रुपए नकद, सोने का हार, अंगुठी,पायल के साथ कीमती साड़ियां उठा ले गये। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# मेरठ में पिता ही निकला बेटे का कातिल

### पेट में चाकू घोंपकर की थी जिम ट्रेनर बेटे की हत्या, बोले– दीपक बात बात पर अपनी मां से झगड़ता रहता था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ गंगानगर थाना क्षेत्र के ईशा पुरम में करीब 8 दिन पूर्व हुई जिम ट्रेनर की हत्या का गंगानगर पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है।पुलिस के अनुसार जिम ट्रेनर की हत्या रिटायर्ड फौजी पिता ने पेट में चाकू घोंपकर की थी। आरोपी पिता ने जुर्म कबूल कर लिया है। जिम ट्रेनर की पत्नी ने पति की हत्या का शक उसी के रिटायर्ड फौजी पिता पर जताया था।जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी।करीब आठ दिन पूर्व गंगानगर थाना क्षेत्र के ईशापुरम में पेट में चाकू लगने से जिम ट्रेनर दीपक की मौत हो गई थी।जिम ट्रेनर दीपक की पत्नी शीतल ने अपने पति दीपक की हत्या का आरोप उसके पिता पर लगाया था, पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी, करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद पुलिस ने जिम ट्रेनर के पिता सेना से रिटायर्ड हवा सिंह तेवतिया को गिरफ्तार कर लिया, हत्यारोपी पिता ने भी बेटे की हत्या करना कबूल कर लिया आरोपी पिता ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बेटे दीपक से उसका मकान नाम कराने को लेकर विवाद हुआ था, इसी दोरान दीपक ने पिता हवा सिंह का गिरेबान पकड लिया था।जिसके चलते उसने अपने बेटे के पेट में चाकू होकर उसे मार डाला।

# अवैध-खनन में शामिल टीपर को पुलिस ने कब्जे में लिया

- अभियान के दौरान हुई कार्रवाई, आरोपी की तलाश जारी

अमन लेखनी समाचार



दुद्धी, सोनभद्र में पुलिस की टीम ने बुधवार को अवैध खनन कर लोड की जा रही बालु के टीपर को कब्जे में लिया है। भोर में साढ़े 4 बजे एसओ विंढमगंज को सूचना मिली कि कनहर नदी से अवैध बालू खनन कर ड्योढ़ी में एक घर के समीप डंप बालू टीपर में लोडिंग की जा रही है।दो टीम जब मौके पर पहुंची।

वहां एक घर के समीप ज्यादा मात्रा में बालू डंप था।जो एक टीपर में मजदूरों द्वारा लोडिंग की जा रही थी। उधर पुलिस व वन विभाग की टीम को दूर से ही देख टीपर चालक भाग निकला। टीपर वाहन को एसओ श्यामबिहारी ने टीपर वाहन को वन विभाग को कार्रवाई के लिए सौंप दिया। जिसे वन कर्मी विंढमगंज रेंज कार्यालय लाकर सीज कर दिये। वहीं आरोपी की तलाश की जा रही है।विंढमगंज रेंजर इमरान खान ने बताया कि पकड़ा गया वाहन को वन अधिनियम में कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया गया है। सीजर रिपोर्ट डीएफओ को प्रेषित की जा रही है।रेंजर ने बताया कि टीपर घिहवी निवासी देववंश यादव की है।

# तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग हो रहा विफल

## लोगों में दहशत, अलग-अलग गांव में देखा जा रहा तेंदुआ; किसानों के पशुओं को बना रहा निवाला

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में देर रात तेंदुए ने क्षेत्र के कस्बा खानपुर के गांव भदौरा में किसानों के पशुओं को निवाला बनाया।घर में बंधे पशुओं को निवाला बनाने के बाद तेंदुआ जंगलों की ओर भाग गया। सूचना मिलते ही मौके पर खानपुर पुलिस पहुंच गई। ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी आक्रोश नजर आ रहा है। नरसेना में सेही का शिकार करने के बाद तेंदुआ क्षेत्र के गांव भड़कऊ में देखा गया। अचानक तेंदुआ किसान के सामने आ गया जिससे किसान की सांसें अटक गई। घबराए किसान ने खुद को ट्यूबवेल के कमरे में बंद कर लिया और ग्रामीणों को बुला लिया। इसके बाद वन विभाग और ग्रामीणों ने जंगल में सर्च अभियान चलाया, लेकिन वह जंगल में छुप गया। बीते दो सप्ताह से तेंदुए ने नरसेना थाना क्षेत्र में आतंक मचा रखा है, क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बरवाला, गेसूपुर, चंदियाना, नरसेना, भड़कऊ समेत कई गांव में तेंदुआ देखा गया है। सोमवार को गांव नरसेना में किसानों के सामने ही तेंदुए ने सेही का शिकार किया। इसके बाद तेंदुआ गांव भड़कऊ के जंगलों में देखे जाने का दावा किया गया है। गांव भड़काऊ निवासी रिटायर्ड अध्यापक मानक चंद्र शर्मा ने बताया कि वह अपने खेत में पानी लगा रहे थे।ऐसे दौरान पास के ही खेत में पेड़ के नीचे अचानक उनके सामने तेंदुआ गया। इसके बाद तेंदुआ उनकी तरफ देखने लगा तो वह घबरा गए और दौड़कर ट्यूबवेल के कमरे में कुंडी लगाकर खुद को बंद कर लिया। उन्होंने इसकी सूचना अपने भाई बाबूलाल को फोन कर दी। ग्रामीण पहुंचे और किसान को ट्यूबवेल से बाहर निकाला। वन रेंजर प्रवेश कुमार ने कहा कि तेंदुए को पकड़ने के लिए टीम लगाई गई है। जल्द ही तेंदुए का रेस्क्यू कर लिया जाएगा। तेंदुए को पकड़ने के लिए टीम के साथ रणनीति बनाई जा रही है। मोहम्मदपुर बरवाला में हमले के बाद तेंदुआ लगातार क्षेत्र में देखा जा रहा है, लेकिन वन विभाग इसे डॉग फैमिली का जानवर बात कर अपना पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है। गांव भड़काऊ और नरसेना में एक सप्ताह में दो बार तेंदुआ देखे जाने का ग्रामीणों द्वारा दावा किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने में दिलचस्पी नहीं दिख रहा है।

जंगल में न तो पिंजरा लगाया गया है और न हीं जाल। तेंदूए पकड़ने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

**लाश** गड्डे में शव मिलने से हड़कंप, 22 घंटे से लापता था बच्चा, हत्या की आशंका

# मेरठ में 8 साल के बच्चे की मिली लाश

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में आठ साल के बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। बच्चा से घर से लापता हुआ था। उसका शव घर से चंद कदम की दूरी पर गड्ढे में मिला है। बच्चे के घर वापस आने की आस लगाए बैठी मां के सामने जब बच्चे का शव सामने आया। तब मां अपनी सुध-बुध खो बैठी। मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्चे का शव मिलने से आस-पास के इलाके में सनसनी फैल गई। टीपीनगर थाना क्षेत्र में आठ साल का एक बच्चा बंशी उर्फ राम मंगलवार 14 मई को दोपहर 3 बजे से लापता था। परिवार लगातार बच्चे को तलाश रहा था। अगले दिन बुधवार सुबह परिवार को किसी ने फोन करके बताया कि एक बच्चा गड्डे में पड़ा हुआ है। परिवार वाले फोन से सूचना मिलने पर जब उस जगह पर पहुंचे, तो वहां गड्डे में एक बच्चे की लाश मिली। बच्चे के गले पर कुछ निशान हैं। परिवार जनों का आरोप है कि शायद बच्चे की गला दबाकर हत्या की गई है। वहीं पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। इंस्पेक्टर टीपी नगर जितेंद्र कुमार का कहना है कि एक बच्चे का शव मिला है। हत्या की आशंका लग रही है। फोरेंसिक टीम मौके पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेरठ में निर्दोष सिंह निवासी शिवम कुंज थाना टीपी नगर निवासी है। निर्दोष सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका आठ साल का बेटा बंसी मंगलवार से लापता है। परिवार के लोगों ने बच्चे को खोजा लेकिन वह नहीं मिला।

सुबह 6 बजे किसी ने परिवार को फोन कर बताया कि एक बच्चे की लाश मलियाना के पास हरमन सिटी के वहां पड़ी है। लाश की सूचना पर परिवार के लोग वहां मौके पर पहुंचे। देखा तो निमार्णाधीन मकान की नींव में पिलर के पास गड्डे में बच्चे की लाश पड़ी थी। लाश को देखा तो वो निर्दोष सिंह का बेटा बंसी था। अपने बेटे की लाश देखकर परिजन हैरान रह गए। तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को उठाया तो देखा कि गले पर कुछ चोट के निशान हैं। इसे देखकर लग रहा है कि किसी ने गला दबाकर हत्या की है। वहीं परिजनों ने तहरीर दी है उसमें सुमित नामक व्यक्ति पर बच्चे की हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि मलियाना का रहने वाला सुमित हमारे परिवार से रंजिश रखता है।

पहले भी हमें जान से मारने की धमकी दे चुका है। अब उसने हमारे बेटे की हत्या कर दी है। मृतक बंसी की एक बड़ी बहन है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि टीपी नगर थाने पर बच्चे के शव मिलने की सूचना थी। पुलिस मौके पर गई पता चला कि बच्चा कल से लापता था। अभी तक जांच में पता चला है कि गला दबाकर बच्चे की हत्या हुई है।

सीसीटीवी के आधार पर जांच कर रहे हैं। बच्चे की हत्या का मोटिव क्या है यह सब जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# तीन युवकों की एक साथ हुई मौत से पसरा मातम

- रिश्ते में भाई और पक्के दोस्तों ने एक साथ गंवाई थी जान, २गुजरात में एक साथ रहकर करते थे काम

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र , सोनभद्र के हाथीनाला क्षेत्र में रेणुकूट-वाराणसी मार्ग पर हुए हादसे में तीन युवकों की मौत के बाद उनके गांव में मातम छाया हुआ है। म्योरपुर थाना क्षेत्र के रासपहरी ग्राम पंचायत में एक साथ हुई तीन मौतों के बाद इलाके के लोग शोक में डूब गए हैं। तीनों की दोस्ती थी और रिश्ते में भाई भी लगते थे। बता दें कि तीनों एक साथ गुजरात में पाइप लाइन का कार्य करते थे और सभी होली के बाद से ही घर पर रह रहे थे। मृतकों में इंद्रदेव का ही विवाह हुआ था, बाकी दोनों की शादियां तय हो रही थी। मृतक सुलेंद्र आरंगपानी ग्राम पंचायत के बरवाटोला का रहने वाला था। वह कल ही कुछ मजदूरों को गुजरात के लिए वाराणसी से रवाना करके लौटा था और रासपहरी पहुंचकर बारात के लिए निकल गया था। रासपहरी गांव से रामकिशुन के पुत्र बाबूलाल की शादी शीला पुत्री नवरत्न निवासी गुरमुरा के साथ पूर्व में हुई थी और तय तिथि पर रवाना हुई थी। बाराती चार पहिया वाहनों से सोमवार की देर शाम रवाना हुए थे, लेकिन राकेश सबसे अंतिम में अपनी बाइक से ही रात 11 बजे गुरमुरा के लिए निकला था। बारात बिताने के बाद तीनों साथ में ही मंगलवार की दोपहर लौट रहे थे। इस दौरान हाथीनाला थाना क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गए। मृतक इंद्रदेव चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी पत्नी अनीता का रो-रोकर बुरा हाल है, परिजनों के मुताबिक वह 7 माह की गर्भवती है। उसे दो साल की एक बेटी साधना भी है। इसके अलावा पड़ोसी सिंगारचंद के लड़के राकेश की भी शादी अभी नहीं हुई थी, वह भी तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक राकेश भी होली के समय ही घर आया हुआ था और तब से अभी तक वह घर पर ही था। काम करने के साथ ही मजदूरों को भी लेकर साथ जाया करते थे। तीनों की एक साथ मौत के बाद पूरा इलाका मातम में डूब गया है।

## पीएमश्री पल्हारी में समर कैंप का हुआ उद्घाटन

सोनभद्र। विभागीय आदेशानुसार पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी नगवां सोनभद्र में बृजेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा समर कैंप का उद्घाटन किया गया ?। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय पर आयोजित समर कैंप में प्रतिभागी बच्चे मनोरंजन पूर्ण ढंग से खेल खेल में सीखेंगे और अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। ऐसउन्होंने बताया कि प्रतिदिन एक घंटे आप लोगों को आनंदपूर्ण ढंग से खेल कूद कराया जाएगा तथा रोचक गतिविधि भी सिखाई जाएगी। समारोह का संचालन कर रहे डॉक्टर बृजेश महादेव ब्लॉक स्काउट शिक्षक ने खंड शिक्षा अधिकारी को बताया कि हम सब विद्यालय परिवार के सदस्य क्षमिल के समर कैंप को विभागीय आदेशानुसार संपादित कराने का पूरा प्रयास करेंगे जो बच्चों के लिए यादगार साबित होगा।

# कांग्रेस के भ्रष्टाचार से देश खोखला हो चुका था : डॉ. यादव

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर। भगवान राम की जन्मभूमि के लिए सदियों तक संघर्ष हुआ। आजादी के बाद राम लला को अपने मंदिर में आने के लिए 70 साल इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस ने हमेंशा हिंदु जनमानस की भावनाओं पर कुठाराघात करने का काम किया है। यही कारण है कि हमारे यहां पाठ्यक्रमों से राम और कृष्ण जैसे आदर्श को हटा दिया गया था। प्रधानमंत्री ने नई शिक्षा नीति लागू कर राम कृष्ण को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का काम किया है। देश से अंग्रेज तो चले गए लेकिन अपने प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस को छोड़ गए। यह बातें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कही।

मध्य प्रदेश के सीएम डा. मोहन यादव शुक्रवार को गैसड़ी विधानसभा के लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज पचपेड़वा के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अपने भाषण की शुरूआत सीएम मोहन यादव ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता के प्रसंग से की। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। कहा कि भगवान राम को अपने मंदिर में मुस्कराने के लिए 70 साल इंतजार करने पड़े। आजादी के बाद अगर कांग्रेस चाहती तो अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण बहुत पहले हो जाता, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इसका हल नहीं निकल सका था। सीएम बोले कि अंग्रेज देश को छोड़कर चले गए लेकिन कांग्रेस के रूप में वह अपने प्रतिनिधि यहां छोड़ गए। कांग्रेस ने इस देश को तबाह करने में कोई कसर नहीं लगाई। पीएम मोदी ने नई शिक्षा नीति लाकर लार्ड मैकाले की शिक्षा को खत्म किया। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में राम कृष्ण की जगह पर आताताइयों को जगह दी गई। आज खुशी की बात यह है कि हमारे आदर्श भगवान राम और कृष्ण पाठ्यक्रम के हिस्सा बने हैं। कहा कि आज देश में दंगे नहीं हो रहे हैं। कहीं कर्फ्यू नहीं लगता है। सरकार चलाना प्रधानमंत्री मोदी बाखूबी जानते हैं। डा. यादव ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार से देश खोखला हो चुका था। अर्थ व्यवस्था चरमरा गई थी। मोदी सरकार में न सिर्फ देश ने अर्थ व्यवस्था की नई ऊंचाइयों को हासिल किया, बल्कि हर वर्ग के लोगों में खुशहाली आई है। सीएम ने कहा कि कोविड टीकाकरण को लेकर कांग्रेस अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। अगर यह टीका न लगा होता तो देश में भारी तबाही होती। कोरोना संक्रमण काल में सरकार ने जिस हिम्मत और जज्बे के साथ काम किया, उसकी सराहना विश्व पटल पर हो रही है। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू को जिताने की अपील की। कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, महामंत्री रवि मिश्रा, डा. अजय सिंह पिंकू, श्याम मनोहर तिवारी, ब्लाक प्रमुख मनोज तिवारी, जगदम्बा सिंह शक्ति सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला कारागार में महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न



अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में डा0 सुरुचि चौधरी के द्वारा महिलाओं को पी0सी0पी0एन0डी0 एक्ट, महिलाओं के संरक्षण एवं कल्याण सम्बन्धी जानकारी व सर्वाइकल कैंसर विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, इसके अतिरिक्त डा0 सुनील कुमार अग्रवाल के द्वारा भी महिलाओं को स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, उपकारापाल सुमैया परवीन व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक छात्रा की मौत, दूसरी की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह



हमीरपुर। कुरारा क्षेत्र के मनकी रोड पर कुतुबपुर गांव में तेज रफ्तार मौरंग लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार एक छात्रा की मौत हो गई। वहीं स्कूटी चला रही नाबालिग छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लगा रोड पर जाम लगा दिया। स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर तीन घंटे बाद जाम खुलवाया। थाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव निवासी पूजा पत्नी अर्जुन सिंह कस्बा स्थित आरआर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षिका हैं। वहीं उनकी बेटी सुभी (15) कक्षा नौ में पढ़ती है। शुक्रवार को सुभी पढ़ने के बाद उसी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ने वाली अपनी पारिवारिक बहन कौशकी (8) पुत्री अजीत सिंह के साथ स्कूटी से घर मिश्रीपुर जा रही थी। जैसे ही वह मनकी रोड पर कुतुबपुर गांव पहुंची तभी तेज रफ्तार मौरंग लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इस पर कौशकी ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायरों के नीचे आ गई और कुचलकर मौत हो गई। वहीं, सुभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत वहीं रुक गया।इसी बीच ग्रामीणों ने चालक को पीटने के साथ ट्रैक्टर में आग लगा दी। पुलिस ने चालक को भीड़ से छुड़ा कर हिरासत में ले लिया। भीड़ की पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीण डीएम को बुलाने की मांग करने लगे। कोतवाल के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए।

### चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चालक दशरथ निवासी चकोठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं घायल छात्रा के पिता अर्जुन सिंह ने बताया कि स्कूटी वह चला रहे थे। वह कस्बा काम से गए थे। बच्चों की छुट्टी होने पर उन्हें लेकर आ रहे थे। तभी घटना हो गई। थानाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी ने बताया कि स्कूटी छात्रा चला रही थी। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है। चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आगामी निर्वाचित क्षेत्रीय सांसद से साहित्यकारों की अपेक्षा, मुख्यालय पर साहित्यकार भवन की हो स्थापना



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय पर साहित्यकार भवन की स्थापना जिसमें कभी भी आयोजन किया जा सके और बाहर से कोई साहित्यकार आ रहा है तो रुकने की जगह हो जिसका प्रवंधन सरकारी स्तर पर हो मगर जरूरत पर साहित्यकारों को भवन मिल जाए । शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी जो जिले में प्रति वर्ष बारह बड़े आयोजन करती है और प्रायः कविगोष्ठी आयोजित करने में छत पर है ।ट्रस्ट की खतौनी पेनकार्ड बैंक एकाउंट है उसका नियमानुसार संरक्षण संवर्धन व शहीदों की प्रतिमा का रखरखाव

, साहित्यकार गणों के गंभीर बीमारी पर कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए कारगर त्वरित सहायक स्कीम के तहत कार्य कर रही है। जिला पुस्तकालय में अब तक छपी जनपद के प्रत्येक साहित्यकार गणों की बुक लागत मूल्य पर क्रय कर रखना ।इस दौरान इसमें वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर, जगदीश पंथी, रामनाथ शिवेंद्र , पारसनाथ मिश्र, प्रदुम्न त्रिपाठी, ईश्वर विरागी, राकेश शरण मिश्रा, कौशल्या चौहान ,धर्मेश चौहान ,अशोक तिवारी , दिवाकर मेघ, सुधाकर स्वदेशप्रेम, दयानंद दयालू, दिलीप सिंह दीपक, जयराम सोनी, सुशील राही, ओमप्रकाश त्रिपाठी विकास वर्मा आदि साहित्यकार मौजूद रहे।

# नौकरी मांगने के बजाए देने की सोच बनाए युवा : डॉ. पूनम सिन्हा

**विश्व बैंक महिला आईटीआई की छात्राओं के लिए स्ट्राइव योजना के तहत आयोजित उद्यमित विकास प्रशिक्षण आयोजित**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। भारत सरकार के उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) की निदेशक डा0 पूनम सिन्हा ने कहा कि युवा वर्ग को स्वरोगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सैकड़ों योजनाएं संचालित की जा रही है। युवा वर्ग स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बन सकता है इसके लिए एक बेहतर आइडिया की जरूरत है। युवाओं को नौकरी मांगने की जगह अपनी सोच नौकरी देने वाले की बनानी होगी। डा0 सिन्हा शुक्रवार को विश्व बैंक महिला आईटीआई के लिए स्ट्राइव योजना के तहत आयोजित उद्यमित विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रही थी।

इस मौके पर निसबड की निदेशक डा0 सिन्हा ने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से हम समाज को सशक्त बना सकते हैं। इसके द्वारा विकास की गति को तेजी से बढ़ा सकते हैं। युवा नवाचार को लाभदायक बनाकर एक सफल उद्यमी बन सकें, इसके लिए निसबड द्वारा बेरोजगार युवाओं, परामर्श, प्रशिक्षण एवं व्यावसायिक सलाह, क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन एवं वित्तीय पोषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डा0 सिन्हा ने कहा कि कोई भी स्वरोजगार शुरू करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखें। बैंक में आप जो रिपोर्ट सबमिट करते हैं। इसके लिए सबसे पहले मार्केट का सर्वे कराएं। इससे आपको पता चलेगा कि मार्केट में किस तरह के प्रोडक्ट चल रहे हैं और उपभोक्ता किस तरह के प्रोडक्ट चाहता है। ऐसा करके ही आप उपभोक्ता के अनुसार बेहतर प्रोडक्ट मार्केट में ला सकते हैं। सर्वे का दूसरा फायदा यह होगा कि आप अन्य प्रोडक्ट के मुकाबले अपने प्रोडक्ट के दाम कम रख सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान विश्व बैंक महिला आईटीआई की प्रधानाचार्या इं0 शिवनी पंकज ने कहा कि कहा कि उद्यम के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उद्यम ही एक ऐसा क्षेत्र जहां नवाचार कर युवा अपनी सारी महत्वाकांक्षा को पूरी कर सकते हैं। मात्र अवसर को पहचानने की आवश्यक्ता है।

**जिला निर्वाचन अधिकारी की मतदाता जागयकता कार्यक्रम स्वीप के तहत अनूठी पहल**

# वोट की राखी अभियान के माध्यम से नारी शक्ति बढ़ाएगी मतदान प्रतिशत

- भाई-बहन के अटूट प्रेम एवं वचन का प्रतीक राखी से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत, वोट की राखी बांधकर नारीशक्ति ने शतप्रतिशत वोट कराने की ली सौगंध
- ग्राम की महिलाओं ने डीएम को बांधी वोट की राखी, अभिभूत हुए डीएम, सदैव सुख-दुख में साथ खड़े रहने का किया वादा
- डीएम ने ग्राम गोंदीपुर में घर-घर जाकर बांटा मतदान करने का आमंत्रण पत्र
- गोंदीपुर के पांच सबसे बुजुर्ग मतदाओं को डीएम ने सौंपा आमंत्रण पत्र, ग्राम भ्रमणकर घर-घर बांटा मतदान करने का आमंत्रण पत्र
- मतदाताओ ने डीएम को दिया वचन, सब काम छोड़ वोट डालने का किया वादा
- राखी वोट की अभियान के तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित होगें सौगंध के कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



बलरामपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें जाने को डीएम अरविंद सिंह की अभिनव पहल की गई हैं। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत भाई बहन के अटूट प्रेम एवं वचन तथा नारी शक्ति का प्रतीक राखी के त्यौहार के माध्यम से जनपद में शत प्रतिशत वोट के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभिनव पहल की गई है। राखी वोट की अभियान के तहत गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने विकासखण्ड बलरामपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोदीपुर तथा विकासखण्ड श्रीदत्तगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत बायभीट में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पहुंचकर अभियान का शुभारम्भ किया। राखी वोट की अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय गोदीपुर एवं कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय श्रीदत्तगंज में माताओं-बहनों ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी की कलाई में राखी बांधकर अपनी ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत मतदान कराये जाने की शपथ ली तथा वचन दिया कि वे स्वयं मतदान करने के साथ ही अपनी ग्राम पंचायत के हर पुरूष मतदाता को वोट डालने के लिए बहन के रूप में राखी बांधकर उनसे आने वाली 25 मई को वोट डालने का वचन लेंगी। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गोंदीपुर के सबसे बुजुर्ग पांच मतदाताओं श्याम लाल, संतराम, गया प्रसाद, अमिरका प्रसाद तथा अगमा प्रसाद को वोट का आमंत्रण पत्र देकर मतदान दिवस 25 मई को मतदान केन्द्र पर आने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आमंत्रित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ ग्राम में घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं को आमंत्राण पत्र दिया तथा उन्हें मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर जाकर अपने वोट जरूर डालने की अपील की।

आमंत्रण कार्यक्रम में बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान पर अपने हस्ताक्षर कर जनपद के मतदाओं से हर हाल में वोट डालने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य विकस अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, बीडीओ बलरामपुर सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने हस्ताक्षर कर मतदान की अपील की। हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ करने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। गोंदीपुर प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम समापन के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी विकासखण्ड श्रीदत्तगंज अर्न्तगत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बायभीट पहुंचे। वहां पर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत तथा मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गई जिससे प्रसन्न होकर जिलाधिकारी ने मंच से छात्राओं एवं स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। यहां पर भी छात्राओं एवं बहनों द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकरारी सहित अन्य अधिकारियों को राखी बांधकर शत-प्रतिशत मतदान कराने की वचन दिया। कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी मतदाता जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि जनपद के विकास में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी की पावन धरा पर नारी शक्ति का विशेष महत्व है। जनपद में मत प्रतिशत बढ़ाने का लेकर नारी शक्ति को विशेष व अहम जिम्मेदारी सोंपी गई है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने व राष्ट्र निर्माण में जनपद की महिलाएं आगे आकर नेतृत्व प्रदान करेंगी तथा पुरूषों को मतदान के लिए मतदान केन्द्रों पर भेजने का काम करेंगीं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भाई-बहन के अटूट प्रेम व नारी शक्ति के प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार भाई को अपनी बहन को दिये गए वचन को निभाने की प्रेरणा व शपथ देता है, उसी प्रकार राखी वोट की अभियान के माध्यम से जनपद की माताएं-बहनें नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए पुरूषों को राखी बांधकर आने वाली 20 मई को उतरौला में और 25 मई को श्रावस्ती लोकसभा के लिए मतदान के लिए भाईयों से वचन लेंगी और उन्हें अपने मतदाधिकार का हर हाल में प्रयोग करने व शत-प्रतिशत मतदान कराने का काम करेंगी तथा पुरूष भाई भी बहनों द्वारा दी गई सौगंध को पूरा करने के लिए मतदान केन्द्रों पर जाकर अपना वोट डालेगें। महिलाओं की अग्रणी भूमिका एवं उत्सुकता से प्रभावित जिलाधिकारी ने कहा कि माताओं-बहनों ने जिस प्रकार उन्हें राखी बांधकर शत-प्रतिशत मतदान कराने का वचन दिया है, उसे पूरा करने के लिए प्रशासनिक मुखिया के तौर पर एवं व्यक्तिगत रूप से हर वक्त उपलब्ध रहेगें तथा जनपद के विकास के लिए अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास करेगें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, डीसी नरेगा सतीश कुमार पाण्डेय, डीसी एनआरएलम मंजू त्रिवेदी, तहसीलदार अखिलेश तिवारी, बीडीओ बलरामपुर व श्रीदत्तगंज, ग्राम प्रधानगण व अन्य अधिकारीगण तथा माताएं-बहनें तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# स्वाती मालीवल के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय : दारापुरी

**अरविन्द केजरीवाल इस मामले में दें अपना बयान**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाती मालीवल के साथ दिनांक 13 मई को अरविन्द केजरीवाल के आवास कार्यालय में मुख्य मंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करता है तथा उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाही की मांग करता है। इस संबंध में श्रीमती मालीवल द्वारा कल दिल्ली पुलिस में बिभव कुमार के खिलाफ मारपीट एवं दुर्व्यवहार की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। यह ज्ञातव्य है कि हर छोटी बड़ी बात पर वक्तव्य देने वाले अरविन्द केजरीवाल का चार दिन बीत जाने पर भी इस गंभीर मुद्दे पर आज तक कोई बयान नहीं आया है जबकि आआप पार्टी के सांसद संजय सिंह ने इस घटना का होना स्वीकार किया है तथा आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाही किए जाने की बात भी कही है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल को इस घटना की जानकारी होने की बात भी कही है। यह कितना आश्चर्यजनक है कि अरविंद केजरीवाल को इस घटना की जानकारी होने के बाद भी कल बिभव कुमार अरविन्द केजरीवाल के साथ लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस के वीडीओ में देखे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि आप जैसी पार्टियां जोकि आम आदमी के मुद्दों की राजनीति करने का दावा करती हैं अपनी पार्टी के अंदर न तो महिलाओं को उचित संरक्षण देती हैं और न ही उनका उचित सम्मान ही करती हैं जोकि उनकी पितरसत्तात्मक संरचना का प्रतीक है। हमारी पार्टी का यह भी निश्चित मत है आप जैसी पार्टियां जिनकी न तो कोई विचारधारा है और न ही कोई आर्थिक नीतियाँ, प्रायः अवसरवादी लोगों का ऐसा जमावड़ा होती है जिनमें न तो सामाजिक न्याय और न ही लोकतंत्र की भावना होती है। हमारी पार्टी उन लोगों से भी सहमत नहीं है जो कहते हैं कि आआप की आलोचना करने से भाजपा मजबूत होगी। हमारे विचार में ऐसे लोग एक तरीके से भाजपा को ही मजबूत करते हैं जो आलोचना को बिल्कुल स्वीकार नहीं करती। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आलोचना एक आवश्यक औजार है जिसका इस्तेमाल बिना किसी भेदभाव के किया जाना चाहिए। अतः आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट स्वाति मालीवाल के साथ अरविन्द केजरीवाल के निजी सचिव द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के मामले के संबंध में पुलिस में दर्ज रिपोर्ट पर त्वरित कानूनी कार्रवाही की मांग करता है। इसके साथ ही इस मामले में अरविंद केजरीवाल द्वारा बयान देने तथा विभव कुमार के विरुद्ध पार्टी द्वारा कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाही की अपेक्षा भी करता है।

## जिले में सप्तम चरण का मतदान, 01 जून को अवकाश घोषित

अमन लेखनी समाचार

बलिया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दिवस पर अवकाश घोषित किया गया है। जिसमें जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों/कल कारखाने में नियोजित कर्मकार श्रमिकों को मताधिकार का प्रयोग हेतु सप्तम चरण 01 जून दिन शनिवार को सवैतनिक अवकाश रहेगा, जिससे प्रतिष्ठान में नियोजित श्रमिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदेय स्थलों के पास बोतल बंद पानी की दुकानों को छोड़कर यदि कोई प्रतिष्ठान व कल कारखाने मतदान के दिन खुले पाए जाते हैं, तो सेवायोजक के विरुद्ध नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## कस्बे में अर्धसैनिक बल ने किया मार्च

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर ।कस्बा कुरारा में मतदान की तिथि नजदीक आने से आज थाना पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल ने मार्च कर लोगो को बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया। कस्बे के महाविद्यालय में आगामी बीस मई को मतदान संपन्न कराए जाने के लिए अर्ध सैनिक बल रुका हुआ है। तथा बीस मई को क्षेत्र के गांवों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराएगा। आज थाना पुलिस के साथ अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने बस स्टैंड से लेकर ब्लाक मुख्यालय तक पैदल मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया। तथा बिना भय के मतदान करने का संदेश दिया।

## नामांकन स्वीकृत प्रत्याशियों को आवंटित किया गया चुनाव चिन्ह

अमन लेखनी समाचार

बलिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत लोकसभा सलेमपुर और बलिया के लिए नामांकन स्वीकृत प्रत्याशियों को उनके चुनाव चिन्ह रिटर्निंग ऑफिसर ओजस्वी राज और रवींद्र कुमार द्वारा दिया गया। सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से रविंद्र कुशवाहा को कमल, समाजवादी पार्टी से रमाशंकर राजभर को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी से भीम राजभर को हाथी, जनता क्रांति पार्टी (राष्ट्रवादी) से जय बहादुर उर्फ जय बहादुर चौहान को हॉकी और बाल, अखिल भारतीय सर्वजनहित पार्टी से शिवनारायण मिश्र को ऑटो रिक्शा, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूर्य प्रकाश गौतम को कटहल, अमरेश ठाकुर निर्दलीय प्रत्याशी को डोली, सद्दाम हुसैन निर्दलीय प्रत्याशी को ट्रक और श्री कृष्ण निर्दलीय प्रत्याशी को चारपाई चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। बलिया लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से नीरज शेखर को कमल, समाजवादी पार्टी से सनातन पांडेय को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी से लल्लन सिंह यादव को हाथी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रविकांत सिंह उर्फ रवि पटेल को कटहल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रामनिवास गौड़ को आरी, आजाद समाज पार्टी (काशीराम) से सूर्य बली प्रसाद को केतली, अवधेश वर्मा निर्दलीय प्रत्याशी को चारपाई, अशोक गुप्ता निर्दलीय प्रत्याशी को कांच का गिलास, प्रकाश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी को सीरिंज, मणिंद्र निर्दलीय प्रत्याशी को बक्सा, रंजना निर्दलीय प्रत्याशी को डबल रोटी, शेषनाथ निर्दलीय प्रत्याशी को कैरम बोर्ड और सुमेश्वर निर्दलीय प्रत्याशी को छड़ी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। दोनों लोकसभा क्षेत्रों से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

यूटिलाइजेशन
शीला श्रीवास्तव

बच्चों, समर वेकेशंस में तुम अपनी हॉबी के अनुसार म्यूजिक, ड्राइंग जैसे क्लासेज ज्वाइन कर अपने स्किल को तो बढ़ा सकते ही हो, साथ ही अपनी फैमिली के साथ कुछ समय बिताकर अपनी वेकेशंस को और अच्छे से यूज कर इसे स्पेशल-मेमोरेबल भी बना सकते हो।

# समर वेकेशंस को बनाओ स्पेशल-मेमोरेबल

बच्चों, पूरा साल तुम्हारा समय पढ़ाई और स्कूल की दूसरी एक्टिविटीज में निकल जाता है। तुम्हारे पास ज्यादा समय नहीं रहता, इसलिए तुमको घर के मेंबर्स के साथ जिस तरह समय बिताना चाहिए, नहीं बिता पाते। लेकिन समर वेकेशंस एक ऐसा मौका है, जब तुम ना सिर्फ अपने हॉबी क्लासेज ज्वाइन कर सकते हो, अपनी फैमिली से भी जुड़कर अपनी समर वेकेशंस को बहुत ही यूजफूल बना सकते हो। कैसे, जानो।

## सुबह की हो सुहानी शुरुआत

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों में सुबह जल्दी जरूर उठो। बाहर खुली जगह जाकर टहलो, एक्सरसाइज करो। इसके बाद अपने मम्मी-पापा के लिए ब्रेकफास्ट बनाओ। शुरुआत में तुम नाश्ते के लिए कोई आसान चीज बनाओ, जैसे सैंडविच, मिल्क शेक, शरबत या फ्रूट सलाद आदि। बाद में तुम यू-ट्यूब या अपने बड़ों की मदद से तरह-तरह की डिशेज बना सकते हो। जब मम्मी-पापा तुम्हारे हाथ की बनी तरह-तरह की डिशेज खाएंगे तो उन्हें खुशी होगी। उनकी सुबह सुहानी हो जाएगी।

## घर और बाहर के कामों में मदद

घर के छोटे-छोटे कामों में मम्मी-पापा की मदद करो। जैसे- बर्तन सही जगह रखना, कपड़े तह करना, डस्टिंग करना आदि। यदि तुम साइकिल ठीक से चला लेते हो और बाहर आने-जाने में हैवी



ट्रैफिक का खतरा नहीं है, तो घर के जरूरी सामान मार्केट से ले आओ। इससे तुम्हें खरीदारी के तौर-तरीके और बाजार की कीमतों का पता चलेगा। पैसे के जोड़-भाग से तुम्हारा गणित ज्ञान भी बढ़ेगा।



### घर के बुजुर्गों का रखो ख्याल

अगर तुम अपने दादा-दादी के साथ रहते हो, तो इस समर वेकेशंस में उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताओ। उनकी देखभाल करो, उनके छोटे-मोटे कामों में मदद करो। जैसे- समय पर उन्हें दवाई दो, उन्हें अखबार या उनकी पसंद की किताब पढ़कर सुनाओ, उनके साथ सुबह या शाम को पार्क में टहलने जाओ। बुजुर्गों को बच्चों का साथ बहुत अच्छा लगता है। छुट्टियों में तुम उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताओ। तुम्हारा प्यारा-सा साथ पाकर वे बहुत खुश होंगे। तुम्हें भी उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

अगर घर में कोई पक्षी या अन्य पालतू जानवर हैं, तो तुम खुद ही उसकी केयर करो। इससे मम्मी-पापा को तो मदद मिलेगी ही, तुम्हें भी अच्छा लगेगा।

## सीखो मेहमाननवाजी

बच्चों, तुम्हारे घर में मेहमान जरूर आते होंगे। घर में जब मेहमान आएं तो उनकी खातिरदारी में मम्मी-पापा की मदद करो। इससे तुम्हें लोगों को रिसीव करने, उनसे बातचीत करने का सलीका आएगा, साथ ही तुम मेहमानों के लिए खान-पान की व्यवस्था कैसे करनी है, उसमें वैराइटीज कैसे लानी है, सर्व कैसे करना है, ये सब बातें सीखने का मौका मिलेगा। इस तरह तुम अच्छे मेहमाननवाज बनोगे।

## हरा-भरा बनाओ अपना घर और कॉलोनी

यदि तुम्हारे घर के लॉन में पेड़-पौधे हैं, तो इन गर्मियों की छुट्टियों में उनकी देखभाल का जिम्मा तुम लो। सुबह-शाम



पेड़ों की सिंचाई, गुड़ाई, क्यारियों और गमलों की सफाई तुम्हें कब और कैसे करना है, इसकी जानकारी तुम अपने मम्मी-पापा से लो। अपने हाथों से पौधे लगाओ। पौधों में फूल आने से पहले इनकी देखभाल कैसे होती है, यह जानो। तुम चाहो तो दोस्तों के साथ मिलकर अपनी कॉलोनी में पेड़ लगाने का अभियान शुरू कर सकते हो।

## भाई-बहनों के साथ बिताओ समय

बच्चों, साल भर तुम ही नहीं, तुम्हारे बड़े या छोटे भाई-बहन भी अपनी पढ़ाई में बिजी रहते हैं। उनके साथ समय बिताने का मौका भी तुम्हें कम ही मिल पाता है। छुट्टियों का यह समय तुम उनके साथ बिताओ। उनके साथ गेम्स खेलो। यदि तुम्हारे भाई-बहन छोटे हैं, तो घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी भी मदद लो। ऐसा करने से तुम भाई-बहनों के बीच अच्छा तालमेल बनेगा।

बच्चों, इस तरह तुम जब समर वेकेशंस अपने मम्मी-पापा, दादा-दादी और भाई-बहन के साथ



मिलकर काम करोगे, उनके साथ समय बिताओगे तो ये दिन मेमोरेबल तो रहेंगे ही, साथ में फैमिली के साथ तुम्हरी बॉन्डिंग भी बढ़ेगी, जो परिवार की खुशहाली के लिए जरूरी है। *

एंज्वॉयमेंट / अनुराग मनींद्र

# ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स के बारे में तो तुम्हें पता ही होगा! टंग-ट्विस्टर कोई मुश्किल वर्ड होता है या फिर कुछ वर्ड्स का कॉम्बिनेशन होता है, जिसे एक निश्चित समय सीमा में, बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना और बार-बार दोहराना होता है। बच्चों, जब कोई टंग-ट्विस्टर बोलते हुए अटकता है या उसकी जुबान लड़खड़ाती है और उसके मुंह से 'कुछ का कुछ' निकलता है, तो टंग-ट्विस्टर बोलने वाले और बुलवाने वाले दोनों को ही खूब मजा आता है।



बच्चों, आज हम तुम्हारे लिए हिंदी के कुछ मजेदार टंग-ट्विस्टर्स लेकर आए हैं। इनमें से कुछ तो तुम्हें पहले से पता होंगे और कुछ तुम्हारे लिए बिल्कुल नए होंगे। तुम्हें इन टंग-ट्विस्टर्स को 15 सेकेंड्स के भीतर बिना रुके, जल्दी-जल्दी बोलना है और बार-बार दोहराना भी है। देखते हैं कि 15 सेकेंड्स में कितनी बार तुम ये टंग-ट्विस्टर्स बिना लड़खड़ाए या बिना अटके बोल पाते हो। तो चलो, एक-एक करके ट्राई करो ये ट्विस्टी टंग-ट्विस्टर्स-

- ऊंट ऊंचा, ऊंट की पीठ ऊंची, ऊंची ऊंट की पूंछ।
- कच्चा पापड़, पक्का पापड़।
- पीतल के पतीले में पपीता पीला पीला।
- नीला अंगूर, काला लंगूर।
- उड़ी चिड़ी ऊंची उड़ी, सब्जी पूड़ी ठंडी पड़ी।
- नीली रेल, लाल रेल।
- रोड रोलर, लोड रोलर।
- खड़क सिंह के खड़कने से खड़कती हैं खिड़कियां।
- राजा गोपी गोपाल गोपग्गम दास।
- चार नई नवेली दुल्हन, दुल्हन नई नवेली चार।
- लपक बबुली लपक, अब ना लपकबे त लपकबे कब।

क्यों बच्चों, इन्हें बोलते-बोलते तुम्हारी 'टंग' भी हो गई न 'ट्विस्ट'?

तुम ये टंग-ट्विस्टर्स अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी बोलने के लिए कहो और हंसो, हंसाओ, एंज्वॉय करो। *

### टंग-ट्विस्टर्स के फायदे

बच्चों, टंग-ट्विस्टर्स एक अच्छा 'आर्टिकुलेशन एक्सरसाइज' (उच्चारण अभ्यास) भी है। इसके लगातार प्रयोग से शब्दों का सही उच्चारण करने की क्षमता विकसित होती है। कई सारे कलाकार और स्टेज-आर्टिस्ट्स भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करते हैं, इससे उन्हें मंच पर स्पष्ट और धाराप्रवाह बोलने में आसानी होती है। कई बार स्पीच-थेरेपिस्ट भी टंग-ट्विस्टर्स का अभ्यास करने की सलाह देते हैं। इससे साफ-साफ और स्पष्ट बोलने की आदत बनती है।



## जीके क्विज-104

1.हाल ही में भारत के किस राज्य में 'स्कूल ऑन व्हील्स' की शुरुआत की गई?
2.छत्तीसगढ़ के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3.आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
4.अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
5.क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
6.शुष्क बर्फ (ड्राई आइस) क्या होता है?
7.कौन-सा विटामिन खून का थक्का बनाने (ब्लड-क्लॉटिंग) में सहायक होता है?
8.पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
9.श्वेत क्रांति (व्हाइट रिवॉल्यूशन) का संबंध किससे है?
10.'गीता रहस्य' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-104 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-103 का उत्तर :** 1.उसेन बोल्ट, 2.नेपाल, 3.दो बार, 4.हरा, 5.एंटनी वान ल्यूवेनहॉक, 6.सिक्किम, 7.जयप्रकाश नारायण, 8.न्यूटन, 9.सिद्धार्थ, 10.रवींद्रनाथ टैगोर

**जीके क्विज-103 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, सरबजीत-करनाल, शुभम-बिलासपुर, बी. ईशान-अहमदाबाद, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, सलोनी-रायपुर, शिवम-रोहतक, हर्ष-दिल्ली, राजन-भोपाल, दिव्यम-धमतरी, काव्या-राजनांदगांव

## हंसगुल्ले



**गप्पू :** कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** अरे! फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।
-आर्यन, रायपुर

**टीचर :** 'तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है।' इसका भविष्य काल बताओ?
**पिंकी :** अब लाइट जाएगी।
-माही, भोपाल

सोनू ने मोनू के घर का दरवाजा खटखटाया।
**मोनू :** कौन है?
**सोनू :** मैं हूं।
**मोनू :** मैं कौन?
**सोनू :** अरे, तू मोनू है...और कौन?
-चिराग, दिल्ली

कहानी
सरस्वती रमेश

सोनू और मोनू आपस में बहुत झगड़ते थे। उनके झगड़े से मम्मी बहुत परेशान रहती थीं। एक दिन घर में नानी आईं और रात सोनू-मोनू के कमरे में उनके साथ सोईं। अगली सुबह जब दोनों उठे तो जरा भी नहीं लड़े। आखिर नानी ने सोनू-मोनू पर ऐसा क्या जादू किया, जो उनके स्वभाव में इतना बड़ा बदलाव दिखा।

# खत्म हुई मम्मी की परेशानी

सोनू और मोनू जुड़वा भाई हैं। उनकी शक्ल बिल्कुल एक जैसी है, लेकिन स्वभाव और पसंद एकदम अलग। दोनों की आपस में बिल्कुल नहीं बनती है। हर बात पर झगड़ा करते हैं। कभी-कभी तो झगड़ा इतना बढ़ जाता कि मम्मी-पापा को झगड़ा सुलझाने आना पड़ता। मम्मी दोनों बच्चों के झगड़े से बहुत ज्यादा परेशान रहती हैं, लेकिन उन्हें इसे खत्म करने का कोई उपाय नहीं सूझता।

एक दिन सोनू-मोनू से मिलने उनकी नानी आईं। नानी दोनों को बहुत प्यार करती हैं। उनके लिए गांव से ताजे फल लाती हैं। इस बार भी नानी बेर, कैथ, इमली और कैरी लेकर आईं। सोनू-मोनू को ये फल बहुत पसंद हैं। शहर में तो ये चीजें मुश्किल से मिलती हैं। इसलिए जब नानी इन्हें लेकर आतीं तो दोनों बड़े चाव से खाते हैं। नानी को आए अभी थोड़ी देर ही हुई थी। वह सोफे पर बैठीं चाय-नाश्ता कर रही थीं। तभी दोनों भाइयों का झगड़ा शुरू हो गया। सोनू कह रह था,'बेर और इमली मैं खाऊंगा। कैरी और कैथ तुम ले लो।'

'नहीं कैथ तुम ले लो, मैं बेर लूंगा।' मोनू चिल्लाया। 'ये दोनों इसी तरह दिनभर लड़ते रहते हैं। मैं तो परेशान हो चुकी हूं।' मम्मी ने नानी को बताया। 'तुम परेशान मत हो, मैं इन्हें समझा दूंगी।' नानी बोलीं।

रात को खाने के बाद सब सोने चले गए। नानी का बिस्तर सोनू-मोनू के कमरे में ही लगा था। 'नानी हमें कहानी सुनाओ न।' सोनू बोला।'मुझे भी सुननी है।' मोनू खुशी से उछलकर बोला। 'ठीक है सुनो।' नानी ने कहानी सुनानी शुरू की, 'एक किसान था। उसके चार बेटे थे। किसान के पास खूब सारे खेत थे। किसान अब बूढ़ा और बीमार हो गया था। बिस्तर पर पड़े-पड़े वह सोचता रहता कि उसके खेतों की देखभाल कैसे होगी? उसके बच्चे तो हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं। खेती-बारी में उनकी



कोई रुचि नहीं है। उधर धीरे-धीरे पड़ोसियों को किसान के बेटों के बीच झगड़े की बात पता चल गई। उनकी नजर किसान के खेतों पर थी। वे किसान के खेत हड़पने लगे। उन्हें पता था, चारों भाइयों को तो आपस में लड़ने से फुर्सत नहीं है। खेत देखने कोई नहीं आएगा। किसी ने किसान के खेतों में जानवर बांधने शुरू कर दिए तो किसी ने बाड़ लगाकर फसल बोनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे पड़ोसियों ने किसान के सारे खेत हड़प लिए। न तो खेत बचे और न खाने को अनाज। जब घर में खाने को कुछ नहीं बचा तब एक दिन किसान के बेटे खेतों में पहुंचे। लेकिन वहां तो कोई और खेती करने में जुटा हुआ था। अब चारों भाइयों की आंखें खुलीं, लेकिन अब बहुत देर हो चुकी थी।' कहानी सुनाने के बाद नानी ने बच्चों से पूछा, 'कुछ समझ आई कहानी?'

'हां, समझ में आई। भाइयों को आपस में लड़ना नहीं चाहिए।' मोनू बोला। 'तब तुम दोनों क्यों लड़ते हो?' नानी ने पूछा। 'अब हम नहीं लड़ेंगे नानी।' सोनू ने कहा।

'मैं भी नहीं लड़ूंगा।' मोनू बोला।

'शाबाश! अब दोनों सो जाओ। रात बहुत हो गई है।' नानी हंसते हुए बोलीं। सुबह सोनू-मोनू का बदला हुआ बर्ताव देखकर मम्मी हैरान थीं। दोनों मिलकर बिना झगड़े बड़े प्यार से काम कर रहे थे। मम्मी सोच में पड़ गईं कि आखिर नानी ने बच्चों को ऐसा क्या समझा दिया है, जो उनकी परेशानी खत्म हो गई। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन




# दिन गर्मी के

सूरज जब भी आंख तरेरे
समझो हैं दिन गर्मी के।
हवा चलाए गरम थपेड़े
समझो हैं दिन गर्मी के।
ताल-तलैया प्यासे, आए
सूखे से दिन गर्मी के।
मास्टर जी की बेंत सरीखे
रूखे से दिन गर्मी के।

सारा पानी सोख लिए हैं
जमाखोर दिन गर्मी के।
चलते कितने धीरे-धीरे
कामचोर दिन गर्मी के।
रातें तिल सीं और ताड़
से बने हुए दिन गर्मी के।
गुस्से में ज्यों आंख तरेरे
तने हुए दिन गर्मी के।

बूझो तो जानें / पवीन कुमार



1. सफेद खेत में बोए देखो
काले-नीले मोती
लंबा पतला बैल है
विद्या की खेती होती

2. दिखता लंबे सांप जैसा
लोहे का है फन
कमर से जो लिपटा वो
बात गई फिर बन

3. दो भाई दोनों अलबेले
एक-दूजे के पक्के चेले
कभी नहीं वो रहें अकेले
पहन देखने जाओ मेले

4. एक तो घोड़े जैसी भागे
एक की मध्यम चाल
कछुए जैसी एक है चलती
फिर भी करे कमाल

उत्तर: 1. कागज-पेन, 2. बेल्ट, 3. जूते, 4. शतरंज की गोटियां

## रंग भरो-150

**रंग भरो-150** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






दिव्यांश, दुर्ग



भावन्या, भिलाई



कल्पित, रोहतक



पलक, अटेली मंडी



युक्ति, धमतरी



सुयश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बलौदा बाजार, फाल्गुनी-भिलाई, प्रगति-बिलासपुर, आर.विद्या-रायपुर, रितेश-मटियारी, सृष्टि-रायपुर, वेदिका-बालोद, यशिका-बिलासपुर, नेहा-धमतरी, पूजा-रोहतक, रुचिका-दिल्ली, वैभव-करनाल, देवेश-भोपाल

## रंग भरो 151



बच्चों, इस चित्र में रोनित और पाखी बॉल खेलने जा रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## गिनकर बताओ

बच्चों यहां एक साथ कई सारे डॉग्स के चित्र दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि इस चित्र में कुल कितने डॉग्स हैं?



उत्तर: 10